वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 109, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 15 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ज्ञानवापी: तहखाने में कुछ ताले खुले..कुछ तोड़ने पड़े

## ज्ञानवापी में पहले दिन का सर्वे पूरा, तहखानों में हुई वीडियोग्राफी, वादी पक्ष का दावा- साक्ष्य हमारे साथ







**वाराणसी: वाराणसी** में ज्ञानवापी परिसर में शनिवार को पहले दिन का सर्वे पूरा हो चुका है। सुबह 8 बजे शुरू हुआ सर्वे दोपहर 12 बजे तक, यानी 4 घंटे चला। इस दौरान करीब 50% हिस्से का सर्वे हुआ। एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्रा के साथ वादी और प्रतिवादी पक्ष के 52 लोगों की टीम ने परिसर में 4 तहखानों के ताले खुलवाकर उसकी जांच की। टीम ने दीवारों की बनावट, खंभों की वीडियोग्राफी भी की। सर्वे का काम रविवार को फिर सुबह 8 बजे से होगा। कल ऊपर के कमरों का सर्वे होगा। सर्वे के लिए परिसर के अंदर गई पूरी टीम के मोबाइल बाहर ही जमा करा लिए गए थे। टीम को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि सर्वे से जुड़ी कोई भी जानकारी बाहर नहीं आनी चाहिए। तहखानों की वीडियोग्राफी करके बाहर निकले फोटोग्राफर से जब मीडियाकर्मियों ने अंदर के बारे में पूछा तो उन्होंने कुछ भी बताने से साफ इंकार कर दिया।

**डीएम बोले- परिसर में 50 फीसदी से अधिक हिस्से का सर्वेक्षण:** जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने बताया कि अदालत के आदेश पर शनिवार सुबह आठ बजे से 12 बजे तक ज्ञानवापी मस्जिद परिसर और उसके आसपास कोर्ट कमिशन की कार्रवाई हुई। इस दौरान वादी-प्रतिवादी पक्ष, उनके अधिवक्ता और मंदिर एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सभी पक्षों ने अदालत के आदेश का पालन किया। शांतिपूर्वक तरीके से सर्वे का कार्य पूरा हुआ। सभी पक्षकार संतुष्ट हैं। लगातार चार घंटे सर्वे के उपरांत लगभग 50 फीसदी से अधिक हिस्से का सर्वेक्षण हो चुका है। यह कार्यवाही कोर्ट की निगरानी में हो रही है इसलिए ये जानकारी नहीं दी जा सकती की कौन-कौन से स्थानों का सर्वे किया गया और वहां क्या-क्या मिला। रविवार सुबह आठ बजे से पुनः सर्वे की कार्रवाई शुरू होगी।

**500 मीटर तक पब्लिक-मीडिया सबकी एंट्री बंद:** कोर्ट के सख्त आदेश को देखते हुए प्रशासन ने तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। ज्ञानवापी परिसर के चारों तरफ 500 मीटर तक पब्लिक और मीडिया की एंट्री बंद करा दी गई थी। सभी दुकानों को भी बंद करा दिया गया था। आसपास के घरों की छतों पर पुलिस जवान तैनात किए गए। एक किलोमीटर के दायरे में करीब 1500 से ज्यादा पुलिस-पीएसी के जवान तैनात रहे हैं।



खुद डीएम कौशलराज शर्मा और पुलिस कमिश्नर ए. सतीश गणेश पूरे सर्वे के दौरान मौके पर मौजूद रहे। कमिश्नर ने खुद परिसर के बाहर फोर्स के साथ पैदल मार्च किया। शुरूआत में मुस्लिम पक्ष की ओर से तहखाने की चाबी नहीं देने की बात आई थी, लेकिन पुलिस कमिश्नर ने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की मौजूदगी में पूरे सद्भाव से सर्वे किया गया है।

**मीडिया को ज्ञानवापी परिसर से रखा गया दूर**

अदालत ने सर्वे कराने की जिम्मेदारी एडवोकेट कमिश्नर अजय मिश्र को सौंपी है। उनके साथ विशेष कोर्ट कमिश्नर विशाल सिंह और सहायक कोर्ट कमिश्नर अजय प्रताप सिंह भी रहे। मीडिया को ज्ञानवापी परिसर और मुख्य द्वार से लगभग एक किलोमीटर दूर ही रोक दिया गया था। ज्ञानवापी मस्जिद की वीडियोग्राफी सर्वे की कार्रवाई सुबह 8 बजे शुरू हुई और 12 बजे तक चली।

**17 मई को अदालत में पेश होगी रिपोर्ट**

बता दें कि अदालत ने इस मामले में सुनवाई करते हुए नए सिरे से सर्वे का आदेश दिया है। 17 मई को अदालत में इस मामले की रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी है। शनिवार से शुरू होने वाली सर्वे की कार्रवाई 16 मई तक हर दिन सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक जारी रहेगी। इससे पहले छह मई को सर्वे की कार्रवाई शुरू हुई थी, जो हंगामे के कारण सात मई को रुक गई। सात मई को ही अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अधिवक्ता आयुक्त (कोर्ट कमिश्नर) को बदलने की मांग कर दी थी। अदालत ने गुरुवार को यह मांग खारिज कर दी।

**चप्पे-चप्पे पर फोर्स, छतों से भी निगरानी**

बड़ी संख्या में पीएसी व सीआपीएफ के जवान की तैनाती श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर गेट नंबर चार के अंदर तथा बाहर तैनात की गई है।

ज्ञानवापी मस्जिद के चारों ओर पूर्व में तैनात पुलिसकर्मियों के अलावा अतिरिक्त फोर्स की भी तैनाती की गई है। वहीं मुख्य मार्ग से लगायत समीप की गलियों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में भी पुलिस चक्रमण कर रही है। मकान की छतों पर भी पुलिस तैनात है।

# गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर लगातार बढ़ती गेहूं की कीमतों को संभालने के लिए शनिवार को बड़ा फैसला किया। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया कि सभी तरह के गेहूं के निर्यात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जा रही है। देश की खाद्य सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है।

**कीमतों में आएगी तत्काल कमी:** सरकार के गेहूं का निर्यात तुरंत रोकने से सबसे बड़ा प्रभाव इसकी कीमत पर पड़ेगा, जो कि इस समय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 40 फीसदी तक बढ़ चुकी है। इसके साथ ही घरेलू स्तर पर बीते एक साल में गेहूं के दाम में 13 फीसदी का उछाल आया है। निर्यात पर रोक लगाए जाने से इसकी कीमत में तत्काल कमी आएगी।

**तय एमएसपी पर पहुंचेगा दाम:** गेहूं की कीमत में कमी आने के बाद दूसरा बड़ा फायदा ये होगा कि इसकी कीमत निर्धारित 2,015 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी के करीब पहुंच जाएगी। यहां बता दें कि शुक्रवार को दिल्ली के बाजार में गेहूं की कीमत लगभग 2,340 रुपये प्रति क्विंटल थी, जबकि निर्यात के लिए बंदरगाहों पर 2575-2610 रुपये प्रति क्विंटल की बोली लगाई गई थी।




**राज्यों से खरीद को मिलेगा बढ़ावा:** कीमत कम होने के कारण सरकार को उन राज्यों से अपनी खरीद को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है, जहां व्यापारियों और जमाखोरों के पास कीमतों में और वृद्धि की उम्मीद में भंडार दबे हुए हैं।

एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि फिलहाल 14 से 20 लाख टन गेहूं व्यापारियों के पास है।

**खाद्य सुरक्षा प्रबंधन में मदद:** सरकार की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाए जाने से देश की समग्र खाद्य सुरक्षा का प्रबंधन करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा पड़ोसी और अन्य कमजोर देशों की जरूरतों का समर्थन करने के मामले में भी इसका बड़ा प्रभाव देखने को मिलेगा क्योंकि सरकार के पास पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद रहेगा।

# त्रिपुरा के सीएम बिप्लब कुमार देब ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली/त्रिपुरा:** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। कल बिप्लब देब ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी, लेकिन इस्तीफा देकर सभी को चौंका दिया। त्रिपुरा में कई भाजपा विधायक बिप्लब देब से नाराज चल रहे थे और इसकी गूंज हाईकमान तक भी पहुंची थी।

**इस्तीफे के बाद बिप्लब का बयान:** इस्तीफा देने के बाद देब ने कहा, पीएम मोदी से मेरी बात हुई है। मैंने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की थी। आलाकमान ने इस्तीफा देने को कहा तो मैंने यह कदम उठाया। आगे विधानसभा चुनाव होने हैं, उसकी तैयारियों में लगूंगा। भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को मजबूत करता रहूंगा।



**आज शाम नए नेता की घोषणा:** केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता भूपेंद्र यादव और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में त्रिपुरा में हैं।

**कई विधायक थे नाराज:** बिप्लब देब के खिलाफ सालभर से कई विधायकों की नाराजगी चल रही थी।

# मिशन 2024 पर ममता: दिल्ली की कुर्सी पर दीदी की नजर

**कोलकाता: लोकसभा** चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस में चेहरे को लेकर कन्फ्यूजन के बीच तृणमूल कांग्रेस ने ममता बनर्जी को पीएम बनाने का संकल्प लिया है। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को 'इंडिया वॉन्ट्स ममता दी' (भारत को ममता दीदी चाहिए) का वेबसाइट लॉन्च किया है। वेबसाइट लॉन्चिंग के बाद देशभर में एक अभियान चलाया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी तृणमूल युवा नेता संघमित्रा बनर्जी को सौंपी गई है। राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने वेबसाइट को लॉन्च किया है। लॉन्चिंग के मौके पर कहा गया है कि बंगाल के बाद अब देश ममता बनर्जी को चाह रहा है। इस दौरान नेताओं ने संकल्प लिया कि देश में पहला बंगाली पीएम बनाना है।

देश में अब तक बंगाल से एक भी प्रधानमंत्री नहीं बना है।

**संघमित्रा बनर्जी को मिली कैंपेन की जिम्मेदारी:** टीएमसी ने इस अभियान को चलाने का जिम्मा युवा नेताओं को दी है। संघमित्रा बनर्जी कैंपेन को लीड करेंगी। इसके अलावा, तृणमूल युवा कांग्रेस के सुदीप मुखर्जी और निलंजन दास को भी इसमें शामिल किया गया है। सभी तृणमूल के सोशल मीडिया सेल से जुड़े रहे हैं।

# शिकारियों ने तीन पुलिसकर्मियों की हत्या की

## परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये देगी सरकार, आईजी को हटाया

**भोपाल:** गुना के आरोन इलाके के जंगल में शनिवार तड़के पुलिसकर्मी काले हिरण के शिकार के मामले में सर्चिंग करने गए थे। यहां शिकारियों ने छिपकर उन पर फायरिंग की। गुना पुलिस का कहना है कि सगा बरखेड़ा की तरफ से बदमाशों के जाने की सूचना मिली थी। इनकी घेराबंदी के लिए 3-4 पुलिस टीम लगाई गई थीं। इसके बाद शहरोक के जंगल में 4-5 बाइक से बदमाश जाते हुए दिखे। पुलिस ने घेराबंदी की तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। शिकारियों के पास से पांच हिरण और एक मोर के अवशेष जब्त किए गए हैं। यह घटना तड़के 4:00 बजे की बताई जा रही है।




मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आपात बैठक के बाद कहा कि हमारे पुलिस के मित्रों ने शिकारियों का मुकाबला करते हुए शहादत दी है। इस घटना में दोषी अपराधियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई होगी जो इतिहास में उदाहरण बनेगी। अपराधियों की पहचान हो गई है। घटना की पूरी जांच हो रही है। घटना में शहादत देने वाले तीनों पुलिस के साथी रक राजकुमार जाटव,आरक्षक नीरज भार्गव, आरक्षक संतराम की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। इन्होंने कर्तव्य की बलिवेदी पर अपने जीवन को न्यौछावर किया है। उन्हें शहीद का दर्जा देकर 1-1 करोड़ की सम्मान निधि परिवार को दी जाएगी। परिवार के एक सदस्य को शासकीय सेवा में लिया जाएगा।

# हर साल 21 मई को मनेगा आतंकवाद विरोधी दिवस

**नई दिल्ली:** आतंकवाद के मंसूबे ध्वस्त करने के बाद केंद्र सरकार अब हर साल आतंकवाद विरोधी दिवस भी मनाने जा रही है। इसको लेकर सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र जारी किया गया है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी पत्र के तहत हर साल 21 मई को आंतकवाद विरोधी दिवस मनाया जाएगा। यह पत्र सभी राज्य के मुख्य सचिवों, सभी मंत्रालयों और विभागों के सचिवों को लिखा गया है।

**युवाओं को किया जाएगा जागरूक:** पत्र में कहा गया है, इस दिन को मनाने का उद्देश्य युवाओं को आतंकवाद और हिंसा से दूर करना है। उन्हें बताया जाएगा कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से कौन-कौन सी योजनाएं चलाई गई हैं। इसके अलावा उन्हें बताया जाएगा कि उनकी एक गलती किस तरह से राष्ट्रीय समस्या बन सकती है। केंद्र का मानना है कि अगर युवा सही रास्ते पर आ गए तो आतंकवाद खुद-ब-खुद खत्म हो जाएगा।

**दिलाई जाएगी आतंकवाद विरोधी शपथ:** पत्र में कहा गया है कि सभी कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी शपथ भी ।

# '...तो हमारी अर्थव्यवस्था 4.3 ट्रिलियन डॉलर की होती'

**लखनऊ:** केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ पहुंच चुके हैं। चौधरी चरण सिंह अमौसी एअरपोर्ट पहुंचने पर लखनऊ की महापौर संयुक्ता भाटिया और उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने राजनाथ सिंह का स्वागत किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने "नमस्ते लखनऊ" कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लखनऊ का रिंग रोड हमारा ड्रीम प्रोजेक्ट था। अब तक काम पूरा हो जाना चाहिए था लेकिन अभी पूरा नहीं हुआ है। इसके लिए मैंने अधिकारियों से बात की है। राजनाथ सिंह ने कहा कि रिंग रोड के लिए मैं सर्वाधिक चिंतित रहता हूं। अब तक 65 किलोमीटर रिंग रोड बन गयी है, शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा। रक्षामंत्री ने कहा कि जब से लखनऊ की जनता ने मुझे सांसद के रूप में जिम्मेदारी सौंपी है तब से मैं लखनऊ के विकास के लिए प्रयासरत हूं। "नमस्ते लखनऊ" संवाद कार्यक्रम निराला नगर के होटल रेगनेंट में प्रबुद्ध वर्ग फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था।




रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यदि कोरोना और यूक्रेन-रूस युद्ध नहीं होता तो हमारी अर्थव्यवस्था का आकार 4.3 ट्रिलियन डॉलर होता। भारत की तरह ही अमेरिका और चीन में भी महंगाई का संकट है। कोरोना से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। यह बताने की आवश्यकता नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने हमारे कोरोना प्रबंधन की प्रशंसा की है। देश से निर्यात लगतार बढ़ रहा है। अंतराष्ट्रीय व्यापार बढ़ रहा है। आरबीआई ने महंगाई रोकने के लिए कदम उठाए है। रक्षामंत्री शनिवार को लखनऊ इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम नमस्ते लखनऊ विद राजनाथ सिंह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से विश्व में भारत की प्रतिष्ठा, साख और विश्वसनीयता बढ़ी है। पहले भारत की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता था। आज अमेरिका भी भारत की बात सुनकर उस पर अमल करने की कोशिश करता है। नेतृत्व प्रभावी होता है तो विकास को कोई नहीं रोक सकता है।

# सुनील जाखड़ ने पंजाब कांग्रेस को कहा अलविदा

**चंडीगढ़:** पंजाब में कांग्रेस पार्टी में जारी राजनीतिक उठापटक के बीच पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कई दशक बाद शनिवार को कांग्रेस छोड़ दी। जाखड़ ने पार्टी हाईकमान, दिल्ली में बैठी सीनियर लीडरशिप तथा सोनिया गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। सुनील जाखड़ के पिता स्वर्गीय बलराम जाखड़ भी कांग्रेस का बड़ा चेहरा रहे थे। पिछले करीब एक साल में एक अवसर वह भी आया था जब सुनील जाखड़ को मुख्यमंत्री बनाए जाने की तैयारी हो गई थी और अब वह पार्टी से किनारा कर चुके हैं। सुनील जाखड़ पिछले कई महीनों से शांत बैठे हुए थे। सुनील जाखड़ को हाल ही में संपन्न चुनाव विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी के मुख्यमंत्री उम्मीदवार चरणजीत सिंह चन्नी को लेकर बयानबाजी करने के आरोप में कांग्रेस ने नोटिस भेजा था।



## खबर संक्षेप

### चौकीदार को मार पीट कर इन्वर्टर और बैटरी चोरी

**मऊआइमा।** वृक्ष गौशाला के चौकीदार को चोरों ने मार पीट कर इन्वाटर और दो बैटरी चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम उमरिया बादल उर्फ गेंदा के ग्राम प्रधान महेन्द्र यादव ने मऊआइमा थाने में यह तहरीर दी है कि बीती रात चोरों ने गौशाला के चौकीदार रामसरन को मारे पीटे और गौशाला में लगे इन्वाटर और दो बैटरी चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान महेन्द्र यादव ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाने में तहरीर दी है।

### छेड़खानी कर घर में घुसकर पीटा

**प्रयागराज।** कालिंदीपुरम की रहने वाली एक छात्रा के साथ छेड़खानी और घर में घुसकर मारने पीटने का मामला सामने आया है। युवती की शिकायत पर धूमनगंज पुलिस ने राजेंद्र प्रजापति और मोहित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। छात्रा ने पुलिस को बताया कि 13 मई को वह कोचिंग से लौट रही थी। रास्ते में आरोपियों ने उसे पकड़ने के लिए दौड़ा लिया। छात्रा ने 112 पर कॉल करके पुलिस से शिकायत की। यह भी बताया कि इससे पूर्व 29 अप्रैल की रात में घर में घुसकर छेड़खानी की थी। धमकाया था कि आपत्ति जनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर कर देंगे।

## एसटीएफ ने दो अंतरराज्यीय तस्कर पकड़े, बिहार लेकर जा रहे थेअंग्रेजी शराब

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एसटीएफ प्रयागराज ने अंतरराज्यीय स्तर पर अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यों को कानपुर-प्रयागराज हाई-वे कोटिया रोड फतेहपुर से आज गिरफ्तार किया है। इनके पास से अलग-अलग ब्रांड की 134 पेटी अंग्रेजी शराब व बीयर बरामद की गई है। इसकी बाजार में कीमत 25 लाख रुपए बताई जा रही है। इसके अलावा एसटीएफ अधिकारी तीन वांछितों को जल्द गिरफ्तार करने की बात भी कह रहे हैं।




### यूपी सहित अन्य प्रांतों में सप्लाई होती है अवैध अंग्रेजी शराब

पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों द्वारा बताया गया कि रोहतक हरियाणा से प्रदीप, ललित तेवतिया राकेश व सुनील लंबरद्वार एक गिरोह बनाकर अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी का काम देश के विभिन्न प्रांतों व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में किया करते हैं।गिरोह की ओरे से ही यह अवैध शराब को हिसार हरियाणा से बिहार के पटना तक पहुंचाने के लिए भेजा गया था। उनके द्वारा बताया गया था कि वहां अवैध शराब की तस्करी करने वाले गिरोह के लोग पहुंचेंगे तो वहां से अपने अड्डे तक स्वयं लेकर जाएंगे।गिरफ्तार आरोपियों ट्रक चालक वंशी व सहायक धर्मवीर ज्यादा पैसे के लालच में शराब की तस्करी में सहयोग करते थे। इस काम के एवज में ट्रक के चालक व सहायक को खाने पीने के आदि खर्चे के अलावा 15 से 20 हजार रुपये प्रति चक्कर मिलता था।

## सिपाही ने ट्रेन में दोस्ती गांठकर प्रतियोगी छात्रा से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद में जीआरपी के सिपाही ने परीक्षा देने जा रही युवती से दुष्कर्म किया। पहले ट्रेन में उससे दोस्ती गांठ ली और फिर होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। युवती की शिकायत पर खुल्दाबाद थाने में आरोपी सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साथ ही उसे गिरफ्तार भी कर लिया गया है।31 वर्षीय पीड़िता मूल रूप से बिहार की रहने वाली है। वह गाजियाबाद में रहकर प्राइवेट नौकरी करती है। उसने पुलिस को बताया कि सात मई को वह परीक्षा देने के लिए कालका एक्सप्रेस से बिहार जा रही थी। उसके पास टिकट नहीं था। इसी दौरान ट्रेन में उसे एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात जीआरपी का सिपाही ललित कुमार मिला। आरोप है कि उसने उससे कहा कि वह उसे सुरक्षित पहुंचवा देगा और टिकट

### सिपाही ने ट्रेन में दोस्ती गांठकर प्रतियोगी छात्रा से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

के लिए उसे कोई परेशान भी नहीं करेगा। ट्रेन के प्रयागराज जंक्शन पहुंचने पर वह झांसा देकर उसे अपने साथ अटाला स्थित एक होटल में ले गया और फिर वहां उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। घटना के बाद युवती किसी तरह जंक्शन पहुंची और फिर दूसरी ट्रेन में बैठकर परीक्षा देने चली गई। परीक्षा देने के बाद 12 मई को वह शहर लौटी और मामले की लिखित शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया। खुल्दाबाद एसओ अनुराग शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## न्यूज झरोखा

### आग जैसी भयावह स्थिति से निपटने के लिए हॉस्पिटल परिसर के अंदर हर उपकरण मौजूद : अधीक्षक नीरज पटेल




**मेजा।** दिल्ली अग्निकांड में 27 लोगों की मौत हो गई भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा घटित ना हो इसी की रियलिटी चेक करने के लिए आज पत्रकार की टीम प्रयागराज के मेजा विधानसभा के उरुवा ब्लाक अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पहुंची तो हॉस्पिटल परिसर के अंदर आग जैसी भयावह स्थिति से निपटने के लिए हॉस्पिटल परिसर के अंदर हर वह उपकरण मौजूद रहा। जिससे कि आग लगने के दौरान मौजूद लोगों को बचाया जा सके इस विषय पर जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर नीरज पटेल से वार्ता किया गया तो उन्होंने बताया कि आग से निपटने के लिए हर उपकरण हमारे समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद हैं ।अग्निशमन उपकरण और परिषद के अंदर खतरों से निपटने के लिए हर सुविधाएं उपलब्ध है। और अधीक्षक ने कहा कि जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए गए हैं मेरे जानकारी के अनुसार अभी तक अग्निशमन की व्यवस्था नहीं बनाई गई है उन्होंने कहा कि हम सीएमओ से मांग करेंगे कि वहां भी हर सुविधा उपलब्ध कराई जाए जिसे आग जैसी चीजों से हम निपट सके और लोगों को सुविधा में हमेशा हम लोग तत्पर रहें।

### स्कूल जा रहे शिक्षक की मार्ग दुर्घटना में टूटा पैर



**सहसों ।** थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव निवासी शिक्षक वीरेन्द्र कुमार पांडे शनिवार की सुबह विद्यालय जाते समय अनियंत्रित अप्पे ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शिक्षक का पैर टूटने से गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार सिंगरामऊ गांव निवासी वीरेन्द्र कुमार पांडे जोकि भदोही जनपद के विकासखंड अभोली के प्राथमिक विद्यालय नीबी चौर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। सुबह अपने घर सिंगरामऊ से विद्यालय के निकले थे कि फूलपुर से प्रतापपुर मार्ग पर बेला चौराहे के समीप बेला वारी गांव के सामने अनियंत्रित अप्पे ने शिक्षक के बाइक में सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे शिक्षक गिर गए जिससे उनका पैर टूटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। तथा उनके पैर व हाथ में भी कई जगह फैक्चर हो जाने से बेहोश हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तत्काल पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर थानापुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया। जहां पर स्थिति सामान्य है।

### प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट बेंदो में 72 छात्रों को मिला स्मार्ट फोन



**करछना।** प्रयागराज प्रयाग इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "टैबलेट / स्मार्ट फोन वितरण " के अंतर्गत पालीटेक्निक अंतिम वर्ष के 72 छात्रों को टैबलेट वितरित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कमलेश द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि करछना, संस्था के चैयरमैन व भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह पटेल, संस्था के सचिव श्री विकास सिंह एवं संस्था के निदेशक डॉ एस0 सी0 तिवारी द्वारा टैबलेट वितरित किया गया इस अवसर पर द्विवेदी जी ने छात्रों को सरकार की इस योजना के पीछे के उद्देश्यों को बताते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया संस्था के चैयरमैन ने विद्यार्थियों को " विज्ञान अभिशाप या वरदान " को रेखांकित करते हुए छात्रों को इस इस टेक्नोलॉजी का उचित प्रयोग करने हेतु मार्गदर्शन किया संस्था के निदेशक ने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## रोजगार सेविका पर लगाए गए घूस के आरोपों को बीडीओ ने बताया फर्जी

### कार्य पर न रहने का लगाया गया है आरोप, बीडीओ ने कहा नियमित ड्यूटी पर रहती है रोजगार सेविका

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** विकासखंड कोरांव के ग्राम पंचायत जमुआ धूंस में रोजगार सेविका पर लगे आरोपों को खंड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार ने एक सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सितंबर माह से कोरांव में कार्यरत हूं। जिसके बाद से रोजगार सेविका सरोज देवी लगातार अपनी ड्यूटी कर समस्त सरकारी कार्यों के संपादन में सहयोग कर रही हैं। मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे गांव में विकास कार्य हों अथवा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास में मजदूरी के भुगतान की बात हो सब में कार्य कर विकास कार्यों को गति देने का काम रोजगार सेविका के द्वारा किया जा रहा है। कोई भी सरकारी कार्य बाधित नहीं हो रहा है। मामला यह है कि मध्य प्रदेश का कथित पत्रकार जो अपने आपको लाइव टीवी चैनल का पत्रकार बताकर बीते 2 मई को



जमुआ धूंस गांव में पहुंचा, जहां पंचायत भवन कार्यालय में बैठकर खुद खबर प्रकाशित कर दिया। न तो ग्रामीणों की बाइट है न ही कोई ग्रामीण यह कहने को तैयार है कि रोजगार सेविका गांव में नहीं रहती है, या काम नहीं करती है, किंतु लाइव टीवी चैनल का पत्रकार खुद बता रहा है कि 10 वर्षों से रोजगार सेविका सरोज देवी अनुपस्थित चल रही है। जबकि 2 मई को गांव में मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदाई कार्य चल रहा था। जहां कार्य स्थल की फोटो खुद रोजगार सेविका के द्वारा खींचकर संबंधित ब्लाक के अधिकारियों को भेजी गई है। तालाब खुदाई के दौरान रोजगार सेविका सरोज देवी गांव में कार्य स्थल पर मौजूद देखी जा रही है। मनरेगा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की फोटो लोकेशन सहित खींची जाती है। जिसमें रोजगार सेविका खुद फोटो खींचते नजर आ रही है, और साइट पर फोटो भी अपलोड किया गया है। लाइव चैनल टीवी के पत्रकार द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच पड़ताल की गई तो खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि अगर रोजगार सेविका 10 वर्षों से अनुपस्थित चल रही होती तो गांव के विकास कार्य प्रभावित होते क्या यीशु है इस चीज को मैं नहीं बता सकता, किंतु जब से मैं कोरांव में कार्यरत हूं तब से लगातार रोजगार सेविका गांव के प्रत्येक कार्यों का संपादन कर नियमित ड्यूटी कर रही है। रोजगार सेविका पर लगाए गए आरोप मिथ्या है।

### रोजगार सेविका अनुपस्थित रहती तो कैसे होता मजदूरी का भुगतान

रोजगार सेविका पर लगाए गए आरोपों की अगर मानें तो वह अनुपस्थित रहती तो गांव में प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास का युद्ध स्तर पर निर्माण कराया गया है। प्रत्येक आवास लाभार्थियों के मजदूरी का भी भुगतान हुआ है। अगर रोजगार सेविका अनुपस्थित रहती तो आवास लाभार्थियों के मजदूरी का भुगतान कैसे होता यह भी एक सवाल खड़ा करता है। इस बाबत जब रोजगार सेविका सरोज देवी से बात की गई तो उन्होंने खुद बताया कि मैं लगातार ड्यूटी पर रहती हूं और गांव के विकास कार्यों से जुड़े सभी कामों को करती चली आ रही हूं। ईर्ष्या व विद्वेष बस किसी ने मेरी शिकायत की है जो गलत है। रोजगार सेविका ने कहा कि मेरे जॉब चार्ट के अंतर्गत जो भी श्रमिक व कार्य आते हैं उन सभी कामों का बखूबी निर्वहन करती हूं।

### सुंदरकांड पाठ के साथ मनाया गया मंदिर का वार्षिकोत्सव

**सहसों।** श्री राम जानकी मंदिर का शुक्रवार को सायंकाल सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ मंदिर का विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी मंदिर के पुजारी राजधर पांडे के देखरेख में वार्षिकोत्सव मनाया गया। मई सन 1992 में बनकर तैयार राम जानकी मंदिर में भगवान श्री राम, जानकी, लक्ष्मण सहित बजरंगबली एवं मां दुर्गा की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा के साथ हर वर्ष मंदिर का वार्षिक उत्सव मनाया जाता रहा। ईसी प्रकार इस वर्ष भी श्री राम जानकी सेवा समिति के तत्वावधान में एवं पुजारी राजधर पांडे की देखरेख में मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया तथा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विष्णु प्रसाद थापा, डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, चन्द्र प्रकाश केसवानी, अंकित केसरवानी, भोला नाथ मिश्रा, यीशु केसरवानी, कमल कुमार केसरवानी, जगदीश चन्द्र केसरवानी, पंडित मनमोहन मिश्रा, बड़कऊ मिश्रा, शिवधारी पाल, रामबाबू पुष्कर, हिमांशु सिंह, राहुल गुप्ता, विकास पुष्कर एवं शिवम पटवा सहित आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

### अतिरिक्त दहेज न मिलने पर पति ने रचाई दुसरी शादी ,मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** अतिरिक्त दहेज न मिलने पर पति सूरत जा कर सौतन लाया। विवाहिता को मार पीट कर भगा दिया। विवाहिता ने पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है । मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गमरहटा निवासनीय नीलम पाल पुत्री स्वर्गीय जगदीश पाल की शादी 2008 में ग्राम मल्हूपुर सराय खानदेव निवासी सुनील कुमार पाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग ससुराली कर रहे थे। इसी दरम्यान नीलम का पति सूरत चला गया और 13 मई को दूसरी पत्नी घर लाया। नीलम पाल का आरोप है कि उसे ससुरालियों ने मार पीट कर घर से भगा दिया। शनिवार को नीलम पाल ने मऊआइमा थाने में पति सुनील कुमार पाल , ससुर भोला पाल ,देवर अनिल पाल ,सास सरिता के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और दूसरी शादी करने का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## निःशुल्क प्रशिक्षण के बाद रोजगार उपलब्ध कराएंगे : विधायक बारा

### शनिवार को गौहनियां मे बारा विधानसभा के कार्यकताओं ने विधायक के सामने रखी अपनी समस्या

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** जनता दर्शन का आयोजन शनिवार को विधायक बारा डॉ.बाचस्पति ने विधानसभा बारा के गौहनियां एमवी कांन्वेंट स्कूल में किया। जिसमें क्षेत्रीय जनता के विजली-पानी राजस्व आदि के भारी आवेदन के साथ जनता का हुजूम मौजूद रहा। भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि एक महिला द्वारा रोजगार की मांग पर विधायक डॉ. बाचस्पति ने घोषणा किया की दसवीं पास 18 से 30 वर्ष के युवक युवतियों को चार माह के निःशुल्क प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पहले भी काफी लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सामान्य औपचारिकताएं पूर्ण कर बारा की



जनता सम्पर्क कर लाभ उठा सकती है। मौके पर विधायक ने कई समस्याओं का समाधान किया और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से बात की गई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसरा जगत शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, जिला सह-संयोजक उमेश शुक्ला, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष अंजनी लाल, निषाद पार्टी से श्यामू निषाद,अपना दल से फूल चन्द्र पटेल,दिनेश प्रजापति,स्वतंत्र शुक्ला, धीरेन्द्र मिश्र, इन्द्रजीत,गुलाबकली आदि जनता दर्शन के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### चार दिवसीय अतंर्राष्ट्रीय संग्रहालय महोत्सव 16 से होगा

**प्रयागराज।**प्रयागराज। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय महोत्सव के अवसर पर प्रयागराज में तमाम आयोजन होंगे। 16 से 20 मई तक महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कवि सम्मेलन, कार्यशाला, प्रदर्शनी, प्रतियोगिता और संवाद के साथ ही सांस्कृतिक आयोजन भी कराए जाएंगे। जिसे आम शहरी देख व सुन सकेंगे।

इस खास अवसर पर आम नागरिकों को जोड़ने के लिए सुबह 10 बजे से रात नौ बजे तक संग्राहलय में लोगों को निःशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। प्रयागराज का संग्रहालय देश के प्रमुख संग्रहालयों में से एक है। यहां 16 वीथिकाओं में 72 हजार कलाकृतियां संग्रहित हैं। प्रतिदिन सैकड़ों लोग यहां पर आते हैं।

## कर्तव्य के प्रति ईमानदारी ने विक्षिप्त युवती को मिलाया परिजनों से, खुशी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा थाने में तैनात दो महिला सिपाही नेहा तिवारी तथा बंदना ने कर्तव्य के प्रति समर्पण भाव की एक मिसाल पेश की है, जिनकी एक ज़िद ने एक परिवार की खुशियां लौटा दी। दरअसल बीते बुधवार की रात्रि इन दोनों महिला सिपाहियों को सड़क के किनारे एक विक्षिप्त युवती जाते दिखाई दी। महिला सिपाहियों ने युवती को थाने ले आई और उसका हाल-चाल जानना चाहा, लेकिन विक्षिप्त युवती कुछ बताने की स्थिति में नहीं थी। अगली सुबह बदहाल स्थिति में रही युवती को नहला धुलाकर नए कपड़े पहनाए गए। दोनों महिला सिपाहियों ने बड़े ही सूझबूझ से उसका अता-पता जानने का प्रयास किया। काफी प्रयास के बाद युवती ने अपनी जुबान से प्रियंका और रावटसगंज का नाम लिया। दोनों महिला सिपाहियों ने थाना रावटसगंज में फोन कर किसी महिला के गुमशुदगी की जानकारी ली, लेकिन थाने से किसी युवती के लापता होने की लोकेशन नहीं मिली। उक्त युवती बार-बार रावटसगंज का नाम लेती रही। फिर क्या, दोनों

### रावर्टसगंज पुलिस के बाद निजी नंबरों पर संपर्क साधने से मिली फलता



महिला सिपाहियों ने रावटसगंज के दर्जनों निजी नंबरों पर ताबड़तोड़ फोन कर वहां हलचल पैदा कर दिया। इधर 24 घंटे बीत जाने के बाद भी दोनों महिला सिपाहियों ने हार नहीं मानी, उनकी विक्षिप्त युवती को घर से मिलवाने की जिद ने आखिरकार रंग ला दिया। गुरुवर शाम को पहुंचे पिता राजकुमार ने मानसिक रूप से अस्वस्थ लापता पुत्री की पहचान कर खुशी-खुशी घर ले गए।

## समाधान दिवस में आए 5 मामलों में 2 का हुआ निपटारा



अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** शनिवार को थाना परिसर कोरांव में उप जिलाधिकारी कोरांव शुभम श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां पर आए कुल 5 मामलों में 2 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। शेष 3 मामलों में राजस्व व पुलिस की टीम गठित कर विवादित स्थलो पर समाधान हेतु भेज दिया गया। समाधान दिवस में कमलभान सिंह पुत्र जितेंद्र बहादुर सिंह निवासी बेलवनिया ने आबादी में घर बनाने को लेकर शिकायत की। इसी प्रकार हरीकृष्ण पुत्र उदय राज निवासी महुली ने चकबंदी प्रक्रिया के अंतर्गत चक मार्ग बनाए जाने, श्याम कुमारी पत्नी भाईलाल धरकार निवासी पूरालक्षन ने बच्चों के विवाद को लेकर मारपीट की शिकायत की। इसी प्रकार केशव प्रसाद पुत्र राम अभिलाख निवासी रतेवरा करपिया ने जमीनी विवाद व राम लल्लू पुत्र अनुग्रह निवासी खीरी ने जमीनी विवाद की शिकायतें की। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों में 2 शिकायतों का निपटारा एसडीएम शुभम श्रीवास्तव व थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम गठित कर शीघ्र निपटारा कर आख्या देने का निर्देश दिया गया। समाधान दिवस में थाने के सभी उपनिरीक्षक एवं लेखपाल एवं फरियादी मौजूद रहे।

### बच्चो के विवाद में बुजुर्ग की जमकर पिटाई, मुकदमा दर्ज

#### थाना दिवस पर गंगापार अधीक्षक से की शिकायत

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के सरायफत्ते निवासी राजेश बहादुर पुत्र छेदीलाल का आरोप है। कि मेरे घर के पास गांव के दो बच्चे आपस में लड़ाई झगड़ा कर रहे थे। देखने पर मैंने दोनों बच्चों को डांट फटकार कर छुड़ा दिया। तभी कुछ देर बाद गांव के ही भूपेंद्र कुमार पाण्डेय पुत्र इंद्रजीत पाण्डेय लाठी डंडा लेकर मेरे घर पर आए। और मुझे गंदी- गंदी गालियां देते हुए मारना पीटना शुरू कर दीजिए। तथा जान से मारने की धमकी देने लगे। जिससे मेरे हाथ, पैर, आंख व कान में गंभीर चोटें आई हैं। मामले को लेकर राजेश बहादुर ने शनिवार को थाना दिवस पर आए गंगापार अधीक्षक से शिकायत कर मामले को अवगत कराए। पुलिस ने पीड़ित युवक का मेडिकल करवाकर मुकदमा दर्जकर लिया है। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक गंगापार के आदेश पर पुलिस विपक्षी के घर गई। और विपक्षी भूपेंद्र कुमार पांडेय को पकड़ कर थाने लाई। और हवालात में बंद कर दी। जिसको शाम तक शांति भंग के आरोप में न्यायालय भेज दिया गया। उक्त घटना से प्रार्थी बहुत डरा सहमा है।

### साइकिल सवार अधेड़ रोडवेज बस की टक्कर से गंभीर रूप से घायल

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत प्रयागराज गोरखपुर मार्ग पर सहसों स्थित पशु मेला के आगे पान की दुकान बंद कर घर जा रहे दुकानदार को रोडवेज की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घरहरा मोलनापुर गांव निवासी उदय भान सिंह सहसों चौराहे के समीप पान की दुकान खोल रखी है। शुक्रवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे दुकान बंद करने के पश्चात घर जा रहे थे। उसी समय प्रयागराज की तरफ से आ रही रोडवेज बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में साइकिल सवार उदय भान सिंह को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अधेड़ को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया।

## मनमाने अस्पताल संचालक पर विभाग मेहरबान!

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** कोराव तहसील क्षेत्र में इन दिनों अस्पतालों की बाढ़ आ गई है। बिना रजिस्ट्रेशन पंजीयन के ही अस्पताल संचालित हो रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण कोरांव थाना क्षेत्र के रत्योरा बाजार में उर्मिला हॉस्पिटल का है। उर्मिला हॉस्पिटल काफी दिनों से सुर्खियों में चल रहा है। आए दिन गलत उपचार को लेकर अस्पताल में हंगामे व बवाल हो रहे हैं। कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से भी विभागीय अधिकारियों एवं जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन विभाग ही मेहरबान बना हुआ है। मनमाने अस्पताल संचालक पर कोई भी कार्रवाई न होने से क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है। आसपास के लोगों एवं क्षेत्र की चचाओं पर गौर करें तो उर्मिला हॉस्पिटल रत्योरा बाजार का है।

### बिना डिग्री के अस्पताल संचालक पर नहीं हो रही कार्यवाही

#### कहने को तो अस्पताल, झोलाछाप कर रहे उपचार

जिसका रजिस्ट्रेशन किसी और के नाम से है जिसे चलाता कोई और है। कभी भी चिकित्सक या सर्जन अस्पताल में नहीं बैठते हैं। बिना डिग्री का अस्पताल संचालक आशीष यादव ही अस्पताल की देखरेख व उपचार करने का काम करता है। जो क्षेत्रीय मरीजों का शोषण कर खुद मालामाल हो रहा है। बिना डिग्री के डॉक्टर बना आशीष यादव क्षेत्रीय दलाल भी पाल रखा है। जिन दलालों की मदद से मरीज अस्पताल तक आते हैं और उनका शोषण कर जबरन धन उगाही करने का काम कर रहा है। बाजार के लोगों की माने तो बिना डिग्री का यह डॉ सरहग किस्म का व्यक्ति है। अस्पताल परिसर में आए दिन तीमारदारों और चिकित्सकों में झड़प होती रहती है, किंतु जबरन अस्पताल से मरीजों को भगा देता है। शिकायत के बाद भी ऐसे बिना डिग्री के डॉक्टर बने चिकित्सक पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे मनमाने अस्पताल संचालक के हौसले बुलंद हैं। कोरांव क्षेत्र का यह उर्मिला हॉस्पिटल तो महज एक बानगी है। इस प्रकार के अनेकों ऐसे अस्पताल क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं। जहां क्षेत्रीय मरीजों का शोषण कर झोलाछाप डॉक्टर मालामाल हो रहे हैं। विभाग इन अवैध कामों पर पर्दा डाले हुए है। स्थानीय लोगों की चचाओं पर गौर करें तो अवैध रूप से क्लीनिक व अस्पताल चला रहे संचालकों के द्वारा प्रत्येक महीने विभाग को मोटी रकम दी जाती है। जिससे ऐसे मनमाने संचालकों पर विभाग मेहरबान बना रहता है।

## खबर संक्षेप

### जज के भाई के रुपयों और गहनों से भरा बैग चोरों ने किया पार

**प्रयागराज।** शहर के सबसे पॉश इलाके सिविल लाइंस स्थित एक होटल से हाईकोर्ट जज के भाई का पांच लाख मूल्य के नकदी-गहने से भरा बैग चोरों ने उड़ा दिया। बैग में हीरों का हार, एक लाख नकद के साथ एक आईफोन भी था। घटना तब हुई जब पूरा परिवार बेटे की सगाई के लिए होटल में पहुंचा था। मामला जज के रिश्तेदार का था, ऐसे में सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सिविल लाइंस पुलिस के साथ ही आला अफसर भी चोरों की तलाश में जुटे हैं लेकिन फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है जज के भाई अशोक नगर में रहते हैं। 12 मई को उनके बेटे का सगाई समारोह होटल कान्हा श्याम में आयोजित था। सगाई की रस्में चल ही रही थीं कि तभी अचानक वर पक्ष की ओर से लाया गया एक बैग गायब हो गया। इसमें हीरों का हार, एक लाख नकद और आईफोन था। यह उपहार वरपक्ष की ओर से वधु को दिया जाना था। गहने-नकदी भरा बैग गायब होने की जानकारी पर हड़कंप मच गया। सूचना मिली तो पुलिस पहुंची।

# 10 हजार वादों का लोक अदालत में हुआ निस्तारण



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लोक अदालत का आयोजन हुआ। इसमें करीब 10 हजार शिकायतों का संज्ञान लिया गया और संबंधित अधिकारियों की पहल पर तत्काल समाधान कराया गया। खास बात यह है कि लोक अदालत में सबसे ज्यादा मामले राजस्व से जुडे. थे। जनपद न्यायालय परिसर व समस्त तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किया गया। न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नलिन कुमार श्रीवास्तव द्वारा लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। जिला न्यायाधीश द्वारा 17 वादों को निस्तारित किया गया। फौजदारी वादों के कुल 6149 वादों को निस्तारण हुआ।

## 74 पारिवारिक विवादों का हुआ निस्तारण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रज्ञा सिंह ने बताया कि पारिवारिक न्यायालय द्वारा कुल 74 वादों का निस्तारण समझौते के आधार पर किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 130 वाद निस्तारित किया गया। कामर्शियल कोर्ट द्वारा 20 वादों को निस्तारित किया गया। बिजली विभाग के 92 मामले निबटाए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्र नाथ द्वारा 1104 वाद, रेलवे मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज द्वारा 1302 वाद,अमित वर्मा न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय द्वारा 820, राजस्व न्यायालय द्वारा कुल 62,582 वादों का निस्तारण किया गया। बैंक के प्री-लिटिगेशन के 1287 मामलों को निस्तारित कराया गया।

## जानलेवा बनी भीषण गर्मी

# उच्च प्राथमिक विद्यालय की छात्रा की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गर्मी अब जानलेवा हो चुकी है। स्कूलों में विद्यार्थी बेहोश होकर गिर रहे हैं। शनिवार को कई परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों के बेहोश होने की सूचनाएं मिलीं जबकि एक छात्रा की मौत हो गई। उसकी वजह लू लगना बताया जा रहा है। तापमान प्रयागराज का करीब 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में बच?चों के स्वास्थ्य को लेकर अभिभावकों को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

**प्रतापपुर के उच्च प्राथमिक स्कूल की है छात्रा :** प्रयागराज जिले में गंगापार स्थित प्रतापपुर विकास खंड में उच्च प्राथमिक विद्यालय सिरसा है। इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लखन मौर्य ने बताया कि कक्षा छह की छात्रा रानी विश्वकर्मा नौ मई तक विद्यालय आई थी। उसी दिन उसकी तबीयत खराब हो गई थी। तब से उसने विद्यालय आना बंद कर दिया।

**लू लगने से बीमार थी रानी विश्वकर्मा :** प्रधानाध्यापक ने बताया कि 11 मई को रानी विश्वकर्मा के अभिभावकों को फोन कर जानकारी ली तो उसके बीमार होने का पता चला। इस संबंध में छात्रा के पिता दशरथ विश्वकर्मा ने बताया कि बेटी की तबीयत खराब होने पर निजी डाक्टर को दिखाया। उन्होंने लू लगने की बात कही। दवा चल रही थी लेकिन शनिवार को रानी की मौत हो गई।

**विद्यालय बंद करने की उठी मांग :** प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के जिला संयुक्त मंत्री अफरोज अहमद ने मांग की है कि गर्मी को देखते हुए बच्चों के लिए विद्यालय बंद कर दिया जाए। अध्यापकों को प्रशासनिक कार्य निपटाने के लिए प्रातः आठ से 11 बजे तक बुलाया जाए।

**बीएसए बोले- मिडडे मील के बाद बच्चों को घर भेजें :** बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि बच्चों की तबीयत खराब होने की सूचनाएं मिली हैं। गर्मी को देखते हुए निर्देशित किया गया है कि मिडडे मील देने के बाद बच्चों को घर भेज दिया जाए। शिक्षक अपने विद्यालयीय कार्य निपटाते रहेंगे।

# विश्व में पहली बार नैनो तकनीक पर आधारित अनोखा:उर्वरक :सोनल



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** प्रयागराज इफको नैनो यूरिया नैनो तकनीक पर आधारित एक अनोखा उर्वरक है , जो विश्व में पहली बार इफको द्वारा विकसित किया गया है , नैनो यूरिया बिना उपज प्रभावित किए यूरिया या अन्य नाइट्रोजन युक्त उर्वरकों की मात्रा में कटौती करता है यह सभी फसलों के लिए उपयोगी है ।करछना ब्लाक के सभागार में आयोजित किसान गोष्ठी में उपस्थित किसानों को तकनीकी उर्वरक के विषय पर जानकारी दी गई ,इसके प्रयोग पर आधारित गुणों एवं पर्यावरण को भी बेहतर बनाने के लिए संक्षम हैं विकास खंड करछना की सहकारिता विभाग की एडीओ सोनल शुक्ला ने किसानों को बताया कि विश्व तकनीक पर आधारित इफको द्वारा तैयार किया गया है, जो एक अनोखा उर्वरक हैं, यह पर्यावरण अनुकूलन पर्यावरण के लिए एवं टिकाऊ खेती के लिए उपयोगी है ,वातावरण प्रदूषण की समस्या से मुक्ति जिसमें मिट्टी हवा पानी की गुणवत्ता में सुधार होता है तथा उत्पादन और उत्पाद की गुणवत्ता की गुणवत्ता में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है।

# पानी पीने को लेकर छात्राओं की नोकझोंक बाहरी व्यक्ति ने अध्यापिकाओं से कि अभद्रता

**प्रयागराज।** शहर के आर्यकन्या इंटर कालेज में शनिवार की दोपहर पानी पीने को लेकर छात्राओं के बीच विवाद हो गया। अध्यापिकाओं ने छात्राओं को समझाते हुए मामला शांत करा दिया। इसी बीच एक बाहरी व्यक्ति ने स्कूल में आकर अध्यापकों से अभद्रता शुरू कर दी। मामले की तहरीर उप प्रधानाचार्य अर्चना जायसवाल व कुलानुशासक नीना प्रजापति ने मुट्ठीगंज थाने में दी गई है।

**दो छात्राओं में नल पर पानी पीने का हुआ था विवाद :** आर्यकन्या इंटर कालेज के प्रबंधक पंकज जायसवाल ने बताया कि कक्षा आठ और नौ की दो छात्रा पानी पीने नल के पास पहुंची तो उनके बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते छात्राएं दो गुटों में बंट गईं। एक छात्रा ने अपने अभिभावकों को बुला लिया। हालांकि, अध्यापकों ने सभी को समझाकर शांत करा दिया। अभी छात्राएं अपनी-अपनी कक्षा में जातीं, इससे पहले एक बाहरी व्यक्ति वहां पहुंचा और अध्यापिकाओं को अपशब्द कहने लगा। इससे पूरा स्टाफ भयभीत हो गया।

**अभद्रता करने वाले के खिलाफ दी तहरीर :** मामले की सूचना पाकर मुट्ठीगंज थाने की पुलिस जब तक स्कूल पहुंचती, बाहरी व्यक्ति वहां से फरार हो चुका था। उप प्रधानाचार्य अर्चना जायसवाल व कुलानुशासक नीना प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बाहरी व्यक्ति अक्सर किसी न किसी बहाने से स्कूल में आ जाता है और अध्यापकों के साथ अभद्रता करता है। उसके कोई बच्चे भी स्कूल में नहीं पढ़ते हैं। उसकी इस कारस्तानी से अध्यापक हमेशा भयभीत रहते हैं।

**मुट्ठीगंज थाना प्रभारी बोले- रिपोर्ट दर्ज की जाएगी :** मुट्ठीगंज थाना प्रभारी आशीष चौबे का कहना है कि छात्राओं के बीच पानी पीने को लेकर विवाद हुआ था, लेकिन बाद में मामला शांत हो गया। एक बाहरी व्यक्ति के खिलाफ स्कूल में घुसकर शिक्षकों के साथ अभद्रता किए जाने की तहरीर दी गई है। जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# शिक्षा के साथ समाजसेवा मे भी अध्ययन एकेडमी का योगदान सराहनीय : अभिषेक सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।** शिक्षा जीवन कों सुखमय एवम सरल बनाने का सबसे बड़ा माध्यम हैं। शिक्षा के बल पर ही देश से विभिन्न सामाजिक कुरुतियों एवम समस्याओं कों खत्म किया जा सकता हैं। इसलिए स्वयं शिक्षित होनें के साथ ही जितना हों सकें अपने आसपास शोषित, पिछड़े एवम वंचित लोगों के बच्चों शिक्षा के क्षेत्र मे प्रेरित करते हुए उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया जाए इससे अनेकों सकारात्मक परिणाम समाज के समक्ष प्रस्तुत होंगें उक्त बातें केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शोधछात्र एवम युवा समाजसेवीं अभिषेक सिंह पटेल नें एक कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे बोल रहें थे। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि जनपद प्रयागराज के अल्लापुर मे स्थित अध्ययन एकेडमी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं मे कुशल मार्गदर्शन से सफलता दिलवाने के साथ ही प्रयागराज जनपद सहित अन्य जिलों मे भी उक्त संस्थान के प्रबंध निदेशक इमरान खान के द्वारा प्रतिवर्ष हजारों की तादाद मे निःशुल्क कापी, बैग समेत अन्य पाठय सामग्री प्रदान करके आर्थिक रूप से कमजोर एवम जरुरतमंद छात्र -छात्राओं उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित भी किया जाता रहा हैं उनके इस प्रयास से आज बड़े पैमाने पर समाज मे युवा लाभान्वित रहें हैं। अध्ययन एकेडमी के निदेशक इमरान खान का मानना हैं कि मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं और विद्यार्थियों कों सदमार्ग की ओर प्रेरित करने से बड़ी कोई पूजा नहीं उन्हें इस बात की भी प्रसन्नता हैं कि प्रति वर्ष सैकड़ों मेधावी विद्यार्थी विभिन्न परीक्षाओं मे सफल होकर आज देश की सेवा मे अपना योगदान कर रहें हैं।इस दौरान अध्ययन एकेडमी की ओर से युवा समाजसेवी अभिषेक सिंह पटेल कों 51बैग, पत्रिका समेत अन्य पाठय सामग्री निर्धन विद्यार्थियों कों वितरित करने हेतु प्रदान किया गया।उक्त अवसर पर मोनिका, पूजा, सनोवर, अनुज आदि लोग मौजूद रहें।

## वार्षिक परीक्षा के लिए केंद्र दूर होने पर घेराव किया, घंटों प्रदर्शन

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा के लिए छात्राओं का केंद्र 40 किलोमीटर दूर बनाए जाने के विरोध में शनिवार को कॉलेज संचालकों ने विश्वविद्यालय परिसर में हंगामा किया। कुलपति के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घंटों प्रदर्शन किया। इसके बाद कुलपति का पुतला जलाकर विरोध दर्ज किया। कॉलेज संचालकों ने कहा कि अधिकांश छात्राओं का सेंटर 30 से 40 किलोमीटर दूर बना दिया गया है। भीषण गर्मी में परीक्षा देने जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ेगा। स्ववित्तपोषित महा विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल ने बताया कि स्ववित्तपोषित कॉलेज के दो लाख छात्राओं का सेंटर शासनादेश के विपरीत बनाया गया है। कहा, एडेड कॉलेजों में स्वकेंद्र व्यवस्था दी गई है। एसोसिएशन ने कुलपति को ज्ञापन देकर वित्तविहीन कॉलेजों को भी स्वकेंद्र की व्यवस्था प्रदान किए जाने की मांग। उधर, शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मामले की शिकायत की है।

# विधि छात्र को सरेआम अगवा करने का प्रयास, लोग जुटे तो भाग गये बदमाश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में हनुमान मंदिर के पास विधि छात्र मो. अतीक को अगवा करने का प्रयास किया गया। सरेआम कार में खींचने की कोशिश की गई। छात्र के शोर मचाने पर बदमाश भाग निकले। छात्र का आरोप है कि पूर्व में दर्ज कराए गए एक मुकदमे की रंजिश में ही यह वारदात की गई। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।मूल रूप से मऊआइमा निवासी मो. अतीक इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बीएएलएलबी प्रथम वर्ष का छात्र है। वह झूंसी में किराये पर रहता है। उसने पुलिस को बताया कि शुक्रवार शाम को वह सिविल लाइंस स्थित होटल में आयोजित पार्टी में शामिल होकर लौट रहा था। हिंदू हॉस्टल केपास बाइकसवार दो लोगों ने उसे रोककर बाइक की चाबी छीन ली। वह भागा तो क्रेटा व ब्रेजा कार सवार लोगों ने पीछा कर उसे हनुमान मंदिर के पास पकड़ लिया और कार में खींचने लगे। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो कारसवार भाग निकले। इनमें मो. गुफरान, गोलू, अरबाज को वह पहचानता है जबकि अन्य अज्ञात थे। उसने बताया कि आरोपी उसके गांव के पड़ोस के रहने वाले हैं। कुछ दिनों पहले हॉलैंड हाल में उसे मारपीट कर रुपये लूट लिए गए थे। इसी मुकदमे की रंजिश में यह घटना की गई। यही नहीं उसकी बाइक भी गायब है। कर्नलगंज इंस्पेक्टर विश्वजीत सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## रेलवे अफसरों ने किया निरीक्षण

प्रयागराज। अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज संजय सिंह ने शनिवार को टूंडला रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, यात्रियों के पेयजल, दिव्यांग यात्रियों के लिए दी जाने वाली सुविधाएं, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड तथा कोच डिस्प्ले बोर्ड आदि के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान उन्होंने रेल कालोनी के आवासों को देखा और जो भी परेशानियां हो उसका समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया। निरीक्षण के बाद सभी विभागों के साथ बैठक भी की जिसमें स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।

## चार दिन निरस्त रहेगी लिच्छवी एक्सप्रेस

**प्रयागराज।** छपरा ग्रामीण-सोनपुर खंड में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ के उद्देश्य से निर्माण कार्य चल रहा है। ऐसे में आनंद विहार से सीतामढ़ी जंक्शन तक जाने वाली 14006 लिच्छवी एक्सप्रेस के निरस्तीकरण के समय में संशोधन किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शिवम शर्मा ने बताया कि यह ट्रेन 14006 आनंद विहार टर्मिनल-सीतामढ़ी 15 मई, 22 मई, 29 मई व 5 जून को निरस्त रहेगी। यह ट्रेन अलीगढ़, टुंडला, कानपुर सेंट्रल होते हुए प्रयागराज जंक्शन और प्रयागराज रामबाग रेलवे स्टेशन के रास्ते सीतामढ़ी तक जाती है।

## एक सप्ताह में संगमनगरी के निवेशकों के 600 करोड़ रुपये डूबे

**प्रयागराज ।** वैश्विक बाजार में जारी बिकवाली के दबाव और घरेलू स्तर पर दिग्गज कंपनियों के शेयरों में गिरावट की वजह से शुक्रवार को भी स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी रहा। शेयर बाजार में गिरावट के कारण बीते एक सप्ताह से अब तक प्रयागराज के निवेशकों के 600 करोड़ रुपये डूब चुके हैं। कई नामी कंपनियों के शेयर में औसतन 25 से 35 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज हुई है। दरअसल पिछले कुछ दिनों से कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण शेयर बाजार बेहाल है। बीते आठ दिनों से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों इंडेक्स लाल निशान पर बंद हो रहे हैं। बाजार के जानकार बताते हैं कि आईटी, केमिकल, मेटल सेक्टर के शेयरों में काफी असर आया है।

## 23 वर्ष पुराने मामले में मिली सजा, न्यायालय ने एक आरोपित को छह माह की कैद का हुक्म दिया

**प्रयागराज।** 23 वर्ष पूर्व पासी समाज के सम्मेलन से लौट रहे अनूस-ुचित जाति के व्यक्ति को पीटने और गाली देने के आरोप में दोषी व्यक्तियों को अदालत ने दंडित किया है। एक आरोपित जो अनूसुचित जाति का है, उसे एक वर्ष की नेक चलनी पर रिहा कर दिया। वहीं एक आरोपित को छह माह के कारावास एवं एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है, इसलिए अलग से प्रति कर दिलाए जाने की आवश्यकता नहीं है।

**कोर्ट ने एक वर्ष की नेक चलनी का बांड भरने पर रिहाई का दिया आदेश :** न्यायालय ने कहा कि आरोपित रामलखन 15 वर्ष पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उसका पैर काट गया, जिससे वह दिव्यांग हो गया। वह गरीब व्यक्ति है। न्यायालय ने इसे परिवीक्षा अधिनियम का लाभ देते हुए एक वर्ष की नेक चलनी का बांड भरने पर रिहा करने का आदेश दिया। अन्य आरोपित संतोष सिंह को न्यायालय ने कारावास के दंड से दंडित किया और आदेश दिया कि उसके द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि इसकी सजा में समायोजित की जाएगी।

**विशेष न्यायालय ने दिया फैसला :** विशेष न्यायालय एससी /एसटी एक्ट के न्यायाधीश रामकेश ने विशेष लोक अभियोजक अखिलानंद द्विवेदी एवं वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी गुलाब चंद्र सरोज व आरोपित के अधिवक्ता के तर्कों को सुनने एवं पत्रावली पर उपलब्ध सबूतों का अवलोकन करने के बाद फैसला सुनाया।

## यूपी टीईटी पास बीएड डिग्री धारकों को पात्रता प्रमाणपत्र जारी करने पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपीटीईटी पास करने वाले बीएड डिग्री धारकों को पात्रता प्रमाण पत्र जारी करने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले में राजस्थान हाईकोर्ट के फैसले को देखते हुए सरकार से जानकारी तलब की है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने प्रतीक मिश्र व चार अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट में याची के अधिवक्ता तान्या पांडेय की ओर से कहा गया कि राजस्थान हाईकोर्ट ने एनसीटीई ( नेशनल कॉउन्सिल फॉर टीचर एजुकेशन) के 28 जून 2018 के आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमे बीएड डिग्री धारकों को भी प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने के लिए पात्र माना गया है। कहा गया कि जब नोटिफिकेशन ही रदद् कर दिया गया है तो बीएड डिग्री धारक प्राथमिक स्कूलों में पढ़ाने के पात्र ही नहीं रहे। लिहाजा टेट 2021 पास करने वाले बीएड डिग्री धारकों का पात्रता प्रमाण पत्र न जारी किया जाए।कोर्ट ने तथ्यों और परिस्थितियों को देखते हुए टेट 2021 में क्वालीफाई करने वाले बीएड डिग्री धारकों को पात्रता प्रमाण पत्र अगली सुनवाई तक न जारी करने का आदेश दिया। साथ ही परीक्षा नियामक प्राधिकारी से जानकारी देने को कहा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 16 मई की तिथि लगाई है।

## पशु चिकित्साधिकारी भर्ती की स्क्रीनिंग परीक्षा आज

**प्रयागराज।** पशु चिकित्साधिकारी (स्क्रीनिंग परीक्षा)-2020 रविवार को प्रयागराज और लखनऊ के पांच केंद्रों में आयोजित की जाएगी। पशु चिकित्साधिकारी के 215 पदों पर भर्ती के लिए 1792 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। स्क्रीनिंग परीक्षा प्रयागराज के एक और लखनऊ के चार केंद्रों में सुबह 9.30 से 11.30 बजे के सत्र में आयोजित की जाएगी।स्क्रीनिंग परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाएगा और इंटरव्यू में मिलने वाले अंकों के आधार पर अंतिम चयन होगा। यूपीपीएससी की ओर से पशु चिकित्साधिकारी (स्क्रीनिंग) परीक्षा-2020 का पाठ्यक्रम एवं परीक्षा योजना अलग से जारी की गई थी, जिसके अनुसार स्क्रीनिंग परीक्षा की अवधि दो घंटे की होगी।वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 300 अंकों के 120 प्रश्न पूछे जाएंगे और प्रत्येक प्रश्न 2.5 अंकों का होगा। 120 सवालों में 40 प्रश्न सामान्य अध्ययन के होंगे और 80 प्रश्न पशु चिकित्सा विज्ञान से जुड़े होंगे। स्क्रीनिंग परीक्षा में शामिल होने जा रहे अभ्यर्थियों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रवेश पत्र पर अंकित परीक्षा केंद्र पर नियत तिथि एवं समय पर दो फोटो और आईडी प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित हों।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल यूपी बोर्ड सन् 2007 अनुक्रमांक 1583570 व इंटरमीडिएट सन् 2009 अनुक्रमांक 1042805 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**गौरव मिश्रा पुत्र राजेश कुमार मिश्रा निवासी नई बस्ती मुखिया नगर अरैल नैनी नैनी, प्रयागराज**

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा बीटेक सन् 2013 यूपीटीयू अनुक्रमांक 0936421020 का अंकपत्र प्रमाण पत्र व बीटीसी पीएनपी सन् 2018 अनुक्रमांक 181350687 का अंकपत्र प्रमाण पत्र तथा टीईटी सन 2018 अनुक्रमांक 3511206453 वास्तव में कहीं खो गया है।

**गौरव मिश्रा पुत्र राजेश कुमार मिश्रा निवासी नई बस्ती मुखिया नगर अरैल नैनी प्रयागराज।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत रेरा वि. ख. जसरा, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में प्रस्तावित निम्नलिखित कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत एवं अधिकृत विक्रेता से दिनांक 01-05-2022 से 16-05-2022 तक सायं 4 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। दिनांक 17-05-2022 को सायंकाल 4.30 पर निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर निविदादाताओं एवं प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/ मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय गड़रा में में बाउण्ड्री निर्माण | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 700000 | 500 | 14000 | 1 माह |
| 2. | अस्थायी गोशाला में चौकीदार के लिए रूम एवं शौचालय निर्माण | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 3. | अस्थायी गोशाला में शेड के चारो ओर पक्की नाली निर्माण | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 4. | गोशाला में शेड का निर्माण | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |
| 5. | बरना में काली सड़क से सुरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 6. | अम्बेडकर भवन/पंचायत भवन का मरम्मत एवं पेंटिंग का कार्य | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 500000 | 500 | 10000 | 1 माह |
| 7. | बरना में काली सड़क से केरावट के खेत तक इण्टरलाकिंग | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 8. | बरना में गिरिजा के खेत से डबल खम्भा तक इण्टलाकिंग कार्य | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 9. | रेरा गोशाला में भूसा सप्लाई का कार्य | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 100000 | 500 | 20000 | 1 माह |
| 10. | प्राथमिक विद्यालय गड़रा में मिट्टी का कार्य | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 400000 | 500 | 8000 | 1 माह |
| 11. | प्राथमिक विद्यालय रेरा में मिट्टी का कार्य | रेरा | मनरेगा/केन्द्रीय वित्त/ राज्य वित्त | 200000 | 500 | 4000 | 1 माह |

सामान्य शर्ते :- 1. कार्य की सम्पूर्ण जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम विकास अधिकारी कार्यालय से ली जा सकती है। 2. निविदा दाता/कोटेशन दाता को समस्त रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र जीएसटी नम्बर के साथ रजिस्ट्रेशन प्रमाण निविदादाता/ कोटेशन के साथ संलग्न करना होगा। 3. निविदा धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत जमानत के रूप में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जमा करना होगा।4. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय दिनांक 17.05.2022 तक पूर्वान्हन 12.00 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। 5. किसी निविदा/कोटेशन को निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 6. सभी कार्यो के लिए अलग-अलग निविदा/कोटेशन स्वीकार्य की जायेगी। 7. सशर्त निविदा स्वीकार नही होगी। सामाग्री की मात्रा/धनराशि घट - बढ़ सकती है।

नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय रेरा से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय रेरा में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

**महादेव**
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत रेरा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/ राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त / मी/2022-23/ दिनांक 05.01.2022

**बृजेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रेरा
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# सीबीएसई हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान में 3016 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

## छह परीक्षा केन्द्रों पर केवल 49 बच्चे रहे अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई की चल रही हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में आज शनिवार को छह परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान परीक्षा में कुल 3065 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 49 अनुपस्थित हो गये। इस प्रकार 3016 छात्र-छात्राओं ने सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दी।

बताया जाता है कि न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में पंजीकृत 438 में से 431, पीएनडी लालगंज में 684 में 674, डाल्फिन पब्लिक स्कूल में 675 में 662, संगम इंटरनेशनल में 499 में से 491, संस्कार ग्लोबल स्कूल में 416. में 405 तथा जवाहर नवोदय स्कूल नरायनपुर में 253 में सभी 253 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। इस तरह जवाहर नवोदय स्कूल में कोई छात्र-छात्रा अनुपस्थित नहीं रहा।

### जिले के नौ परीक्षा केन्द्रों पर मदरसा बोर्ड की परीक्षा शुरू



परीक्षा केन्द्र पर मदरसा बोर्ड की परीक्षा देते परीक्षार्थी।

मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं आज शनिवार को नौ परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई जिसमें सेकेण्ड्री फारसी में 485 परीक्षार्थी तथा सेकेण्ड्री अरबी में 955 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें सेकेण्ड्री फारसी में 176 और सेकेण्ड्री अरबी में 298 परीक्षार्थी अनुपस्थित हो गये। इस तरह सेकेण्ड्री फारसी में 309 व सेकेण्ड्री अरबी में 657 परीक्षार्थियों ने आज परीक्षा दी।

## अवैध वसूली करने वाले पी0आर0डी0 स्वयंसेवकों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

**प्रतापगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया है कि प्रान्तीय रक्षक दल के कतिपय स्वयंसेवकों द्वारा अनुशासनहीन, उच्छृंखल एवं कदाशयता पूर्ण व्यवहार किया जा रहा है तथा विभागीय आदेशों एवं निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। इसके साथ ही थाना एवं टैजफिक ड्यूटी में लगे पी0आर0डी0 स्वयंसेवकों द्वारा अवैध वसूली के कारण संज्ञान में आ रहा है। उन्होने बताया है कि आपरेशन-क्लीन फोर्स के अन्तर्गत 30 दिवसीय सघन अभियान चलाकर ऐसे पी0आर0डी0 स्वयंसेवकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आपरेशन-क्लीन फोर्स के अन्तर्गत समस्त क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को निर्देशित किया है कि अपने अधीनस्थ विकास खण्डों के अनुशासनहीन एवं अवैध वसूली करने वाले पीआरडी स्वयंसेवकों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु अभिलेखीय साक्ष्यों एवं अपनी संस्तुति सहित सूची अनिवार्य रूप से 11 जून तक जिला कार्यालय में उपलब्ध कराएं।

# सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का पैसा आने से व्यापारी खुश

## नगर पालिका के ईओ के साथ किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सीवरेज-ट्रीटमेंट-प्लांट की समुचित धनराशि आने पर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह के साथ सई नदी किनारे स्थित सीवरेज-ट्रीटमेंट-प्लांट का अवलोकन किया।

प्लांट के सन्दर्भ में ईओ नगर पालिका मुदित सिंह ने व्यापारियों को बताया कि प्लांट में शहर के नालों का गंदा पानी साफ होकर नदी में प्रवाहित होगा, स्वच्छता मिशन के अंतर्गत प्रतापगढ़ को विकास में बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है, अक्टूबर 2022 तक प्लांट चलने लगेगा, जिससे सई नदी में गंदा पानी ना गिरने से नदी का पानी साफ रहेगा, पुराने सभी पार्ट्स बदलकर नया लगाया गया, कई नई मोटरें और जगनेटर लगाया गया, गेट लगा, दीवालें बनी और रंग रोगन का काम शुरू है, सई नदी में गिरने वाले तीन बड़े नालों के गंदे पानी को इस प्लांट में जोड़ा जाएगा और लगभग अक्टूबर 2022 तक प्लांट चालू हो जाएगा।



सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

इस पर जिलाध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों ने हर्ष जताया। सई नदी किनारे अवलोकन में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी, प्रा. उपाध्यक्ष रामशंकर जायसवाल, जिला महामंत्री संजय सोनी, मंत्री अश्वनी केसरवानी, संगठन मंत्री राहुल केसरवानी, सरदार कुलविंदर सिंह, जिला युवाध्यक्ष सुनील जायसवाल और राहुल सचान आदि मौजूद रहे।

## गंगा नदी पर नेशनल क्विज प्रतियोगिता का आनलाइन रजिस्टेज्शन 22 तक

**प्रतापगढ़।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जीव प्रभाग वरूण सिंह ने बताया है कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, जल संरक्षण, परिस्थितिकीय तथा अन्य बिन्दुओं पर नेशनल क्विज का आयोजन जनपद के समस्त विद्यालयों में किये जायेगें, नेशनल क्विज का आशय स्कूली बच्चों (10 वर्ष से अधिक) एवं युवाओं में जागरूकता विकसित करने से सम्बन्धित है। गंगा नदी गंगा क्वेस्ट-2022 पर नेशनल क्विज प्रतियोगिता का आनलाइन रजिस्टेज्शन 22 मई 2022 तक होगा।

# पागल कुतिया के आतंक से दहशत में ग्रामीण

## मवेशी समेत दर्जनों लोगों को काट कर किया घायल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीण पागल कुतिया के आतंक से दहशत में जी रहे हैं। मवेशी समेत दर्जनों लोगों को काट कर घायल कर दिया है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर, लखनसेनपुर व मधुकरपुर में पागल कुतिया ने कई मवेशी समेत दर्जनों लोगों को काट कर लहुलुहान कर दिया। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है।

शुक्रवार की शाम लखनसेनपुर में अचानक पागल कुतिया भागते हुए आयी जब तक लोग कुछ समझ कि गांव में बैठे बच्चा (13) पुत्र कल्लू, ननकू शर्मा (18) पुत्र जीतलाल, अभय सिंह (30) पुत्र जयसिंह, कल्पना (22) पत्नी रवीन्द्र सरोज, सीमा (21) पुत्री देवेन्द्र, लालबाबू (23) पुत्र पियारे व मालती (68) पत्नी इन्द्रबहादुर को काट कर लहूलुहान कर दिया। वहीं अर्जनुपुर में अनिल सिंह (65) व मधुकरपुर के बेनी पुर में गुरूआइन (65) पत्नी ददन पाण्डेय समेत दर्जन से अधिक लोगों के साथ ही कई मवेशियों को अपना निशाना बनाया। ग्रामीणों ने पागल कुतिया को मारने का प्रयास किया लेकिन वह गिरफ्त में नहीं आ सकी। ग्रामीणों में इतना दहशत है कि लोग लाठी-डंडे से लैस होकर घर से बाहर निकल रहे हैं।



पागल कुतिया के आंतक से गांव में रखवाली करते लोग ।

## पुरूष अभ्यर्थियों हेतु रोजगार मेले का आयोजन 18 को

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ परिसर में दिनांक 18 मई 2022 को रोजगार मेले का आयोजन किया गया है जिसमें निजी क्षेत्र की जी4एस सेक्योर सलुशन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा पुरूष अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया जाना है। रोजगार मेले में प्रतिभागिता सुनिश्चित करने के लिये अभ्यर्थियों को सेवायोजन वेब पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के पश्चात रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिये आनलाइन आवेदन करना होगा। पूर्व से वेबपोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई0डी0 द्वारा रोजगार मेले में आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते है।

# साल भर से बन्द पड़ा सीएचसी कालाकांकर का एक्स-रे मशीन बना शोपीस

## मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार एक तरफ सरकारी अस्पतालों को सभी सुविधाओं से लैस करने के लिए पानी की तरह पैसे बहा रही है ताकि गरीब तब के लोगो का कम पैसे में अच्छा इलाज हो सके। तो वही दूसरी ओर सीएचसी कालाकांकर में साल भर से बन्द पड़ा एक्सरे मशीन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

अस्पताल की एक्सरे मशीन के बन्द होने से मरीजों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है हड्डी सम्बन्धी एक्सरे के लिए प्राइवेट क्लीनिकों में मुँह माँगा पैसा देकर एक्सरे कराना पड़ रहा है जिससे गरीबो की जेब ढीली पड़ रही है इस बाबत जब सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ मनोज कुमार वर्मा से जानकारी किया तो बताया कि एक्सरे मशीन चलाने का काम लखनऊ डीजी हेल्प से संविदा कर्मचारियों को जिम्मा देती है संविदा कर्मियों को समय से पैसा न मिलने से अस्पताल का एक्सरे मशीन बन्द पडा है जब शासन की तरफ कोई पहल शुरू होगी तभी एक्सरे मशीन चालू हो सकेगी। एक्सरे मशीन के बन्द होने से मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ रही है जिसकी जानकारी जिला मुख्यालय से लेकर लखनऊ डीजी हेल्प विभाग को है।




सीएचसी कालाकांकर में एक्सरे मशीन का बंद पड़ा दरवाजा।

## सेफ्टी टैंक की सफाई सकर मशीन से कराई जाएः भग्गूलाल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उत्तर प्रदेश शासन, कल्याण नियोजन प्रकोष्ठ, समाज कल्याण विभाग लखनऊ के भग्गूलाल बाल्मीकि ने आज लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में सफाई स्वच्छकारों के लिये केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सफाई स्वच्छकारों हेतु सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित की जा रही है, उसका लाभ सफाई स्वच्छकारों के परिवारों को चिन्हित करके दिया जाए। सफाई स्वच्छकारों को काम करते समय सुरक्षात्मक उपकरण मुहैया कराये जाये। उन्होने जनसामान्य से कहा कि अपने सेफ्टी टैंक की सफाई नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में उपलब्ध सकर मशीन के माध्यम से करायी जाये, मजदूरों द्वारा सफाई कराने पर कभी-कभी गैंस के कारण मजदूरों के साथ दुर्घटनायें हो जाती है। इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी द्वितीय राम नारायण यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# डांस के दौरान कहासुनी के बाद युवक को रास्ते में रोककर पीटा, थाने में दी गई तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शादी समारोह में गए युवक से द्वारपूजा पर डांस करने के विवाद को लेकर युवक को रास्ते में रोककर आरोपी युवक ने लाठी-डंडे से जमकर मारा पीटा, जिससे बुरी तरीके से वह जख्मी हो गया। वह पट्टी कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सरसतपुर गांव का रहने वाला विजय प्रकाश पुत्र उमाशंकर शनिवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंचा। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर उसने आरोपित किया कि गांव में एक शादी समारोह में वह खाना बनाने के लिए गया हुआ था। उसने बताया कि द्वार पूजा के दौरान बरातियों और घरातियों के बीच डीजे डांस को लेकर कुछ कहासुनी हुई। उसके बाद उसके बगल का एक युवक उससे भिड़ गया और उसने उसे बुरा भला कहा, जिससे दोनों में कहासुनी हुई। पीड़ित ने बताया कि रात के समय जब वह अकेले रास्ते में घर जा रहा था तभी युवक ने उसे रास्ते में रोका और लाठी-डंडों से जमकर मारा पीटा पीड़ित युवक को जिससे गंभीर चोटे आई। शोर शराबा करने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी युवक वहां से मां बहन की गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला पीड़ित युवक शनिवार की दोपहर पट्टी कोतवाली पहुंचा और आरोपी युवक के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पट्टी में आयोजित हुआ थाना दिवस

### 13 शिकायतों में 4 का हुआ त्वरित निस्तारण

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शनिवार को पट्टी थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 13 शिकायतें आई जिसमें चार का त्वरित निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसील के कई राजस्व कर्मी लेखपाल तथा तहसील के अन्य कर्मी मौजूद रहे।

शासन के निर्देश पर हर माह के दूसरे और चैथे शनिवार को थाना दिवस का आयोजन शासन की तरफ से कराने का निर्देश हुआ है। शासन के निर्देश पर पट्टी थाना परिसर में शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें कुल 13 फरियादी आए, जिसमें कुल 8 राजस्व के मामले शामिल थे तो पांच पुलिस विभाग से संबंधित थे। पुलिस विभाग के पांच शिकायतों में चार का त्वरित निस्तारण किया गया। वहीं राजस्व के मामलों का निस्तारण नहीं हो सका। पट्टी थानाध्यक्ष नंदलाल सिंह की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पट्टी कोतवाली के पुलिसकर्मियों के साथ साथ राजस्व विभाग के संबंधित राजस्व लेखपाल तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष नंदलाल सिंह ने बताया कि थाना दिवस का आयोजन शासन के निर्देश पर किया गया है जिसमें आम जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए समस्या के त्वरित निस्तारण की कोशिश की जाती है। शनिवार को आयोजित थाना दिवस के अवसर पर 13 शिकायतों में चार का त्वरित निस्तारण हो सका है।

# मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरूद्ध विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हों: डीएम

## खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग द्वारा किये गये कार्यो की समीक्षा की।

उन्होंने आमजन मानस के बीच आकर्षक पम्फलेट, पोस्टर के माध्यम से मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरूद्ध जन जागरूकता फैलाने और सुरक्षित खाद्य पदार्थ के उपभोग के लिये विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार राय के मोबाइल नम्बर 9454468702 सम्पर्क कर सकते है। माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थो में मिलावट की जांच करने के तरीकों की जानकारी देने एवं पैकेट बन्द खाद्य पदार्थ खरीदते समय निर्माण तिथि, बैच नम्बर, बेस्ट बिफोर एवं एक्सपायरी डेट देखने आदि के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिये गये। बैठक में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार राय व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।



खाद्य सुरक्षा सम्बन्धी बैठक में बोलते डीएम डा0 नितिन बंसल

# दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे और ईंट पत्थर

## चार गंभीर रूप से जख्मी, जिला मेडिकल कालेज रेफर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में शनिवार की दोपहर दो पक्ष कहासुनी होने पर आमने-सामने हो गए। इसके बाद कहासुनी मारपीट में तब्दील हुई तो दोनों पक्षों से जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिससे कुल 4 लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को बाबा बेलखरनाथ धाम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने चारों की नाजुक हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। थाने पर दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के कंधई थाना अन्तर्गत यहियापुर गांव में शनिवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर लाठी डंडे और ईंट पत्थर चले, जिसमें एक पक्ष से अजीत कुमार ओझा (38) पुत्र नर्वदा प्रसाद, ओम प्रकाश ओझा (50) पुत्र बैजनाथ और दूसरे पक्ष से शिक्षक रंजू ओझा (35) और पप्पू ओझा (40) पुत्र राजाराम ओझा घायल हो गए। बता दें कि दोनों पक्षो में 5 वर्ष से जमीन का विवाद न्यायालय में चल रहा है। शनिवार की सुबह विवादित जमीन पर एक पक्ष समर्सिबल लगवा रहा था।

उसी दौरान कहासुनी होने लगी देखते ही देखते दोनों पक्षों की तरफ से लाठी-डंडे ईट पत्थर चलने लगे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाबा बेलखरनाथ भर्ती कराया गया जिसमें 4 लोगों की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि दोनों तरफ से तहरीर पड़ी है दोनों पक्षों के घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद जांच पड़ताल कर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा।

## दीवानी न्यायालय में लोक अदालत का हुआ आयोजन, 292 मुकदमें हुए निस्तारित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शनिवार को स्थानीय दीवानी न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें 292 में मुकदमे का निस्तारण करते हुए तिरालिस हजार पाँच सौ अस्सी रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। स्थानीय दीवानी न्यायालय में शनिवार को आयोजित लोक अदालत की सुनवाई सिविल जज ललिता यादव ने की। इस दौरान अर्से से चल रहे फौजदारी व सिविल के 292 मुकदमें में पक्ष व विपक्ष के साथ दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की मौजूदगी में आपसी सुलह समझौते से निस्तारण किया गया। निस्तारित मामले में 43580 रुपया जुमार्ना भी वसूला गया। रमेश पाण्डेय, आरबी सिंह, विभूति शुक्ल, संजय सिंह, पवन कुमार पाण्डेय, केशव कांत उपाध्याय, भालचंद्र मिशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, प्रदीप कुमार, चंद्रशेखर मिश्र व वीरेन्द्र ओझा आदि मौजूद रहे।

# निःशुल्क राशन वितरण की तिथि 20 मई तक बढ़ी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि माह अप्रैल, 2022 के सापेक्ष पी0एम0जी0के0ए0वाई0 योजनान्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को माह अप्रैल, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूँ एवं चावल) तथा आयोडाइज्ड नमक, दाल/साबुत चना तथा रिफाइण्ड ऑयल का निःशुल्क वितरण दिनांक 29 अप्रैल से ई-पॉस मशींन के माध्यम से उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है, जिसकी वितरण की अन्तिम तिथि 12 मई निर्धारित थी। इस अवधि में अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 03 किग्रा0 गेहूँ व 02 किग्रा0 चावल निःशुल्क वितरित किया जायेगा तथा इसके अतिरिक्त आयोडाइज्ड नमक (01 किग्रा0 प्रति कार्ड), दाल/साबुत चना (01 किग्रा0 प्रति कार्ड) तथा रिफाइण्ड ऑयल (01 ली0 प्रति कार्ड) का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। उन्होने बताया है कि अपर आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वितरण अवधि का विस्तारित करते हुए अन्तिम तिथि 20 मई निर्धारित की गयी है। विस्तारित अवधि में कार्डधारक आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से गेहूँ, चावल, खाद्य तेल, नमक व चना उचित दर दुकान से प्राप्त कर सकते है। कार्डधारक मोबाइल ओ0टी0पी0 वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि अर्थात 20 मई को खाद्यान्न प्राप्त कर सकेगें। राशनकार्ड धारकों को पोर्टबिलिटी के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। इस हेतु विक्रेता अपने स्टाक में अवशेष खाद्यान्न की उपलब्धता की सीमा तक पोर्टेबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरित कर सकेंगे।

## डीएम ने जनपद के तहसीलदारों का किया स्थानान्तरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जनहित एवं प्रशासनिक आधार पर जनपद प्रतापगढ़ में कार्यरत तहसीलदारों का स्थानान्तरण कर दिया है। उन्होने तहसील लालगंज के तहसीलदार जावेद अंसारी को तहसीलदार (न्यायिक) तहसील सदर के पद पर एवं तहसील सदर के तहसीलदार (न्यायिक) धीरेन्द्र कुमार को तहसीलदार लालगंज के पद पर स्थानान्तरण किया है।

## अपहरण के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज के उ0नि0 निकेत भारद्वाज मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0-295/2022 धारा 363, 366 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त अजय कुमार पुत्र स्व0 भोलानाथ निवासी बहोदीपुर मुल्तानीपुर, थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ को थाना क्षेत्र लालगंज के प्राथमिक विद्यालय महोदीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियोग से संबंधित अपहता को बरामद किया जा चुका है।

## हत्या के प्रयास/मारपीट के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना मान्धाता से उ0नि0 राकेश चैरसिया मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/चेकिंग के दौरान थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 136/2022 धारा 147, 148, 149, 286, 307, 325 भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त गुल मोहम्मद उर्फ नेता पुत्र गुलहशन उर्फ मुन्ना प्रधान निवासी मिश्रपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र मान्धाता के रामनगर बार्डर, नारायणगंज जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया।

## खबर संक्षेप

### रहस्यमय परिस्थितियों में युवक हुआ लापता

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के हरी लाल पुत्र स्वा गंगा प्रसाद निवासी ग्राम तिलगोडी के पुत्र राजेंद्र उर्फ. भक्कू उम्र 20 वर्ष 3 मई 2022 को सुबह लगभग 10:00 बजे घर से निकले थे लेकिन वह वापस घर नहीं लौटे हैं और अचानक कहीं लापता हो गए है परिजनों ने बताया कि उनका रगं गेहुआ है और कद लगभग 5.1/2 फिट है युवक के वापस न लौटने से परिजन परेशान हैं परिजनों ने कहा कि किसी भी सज्जन को इसकी सूचना मिले तो तत्काल थाना पिपरी के मोबाइल नंबर 9454403766 पर या उनके पिता के मोबाइल नंबर 9721474584 पर सूचित कर युवक को खोजने में सहयोग करें।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानो व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 70 वाहनों का ई चालान किया गया।

# समाधान दिवस : थाने पहुंचकर डीएम एसपी ने सुनी समस्याएं

## डीएम एसपी ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही उदासीनता या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



कोखराज थाने में फरियाद सुनते डीएम एसपी




थाना समाधान दिवस में समस्या सुनते थानेदार और फरियादी

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** शासन के निर्देश पर कोखराज थाना में थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी थाना पहुंचे वहां पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को डीएम एसपी ने सुना और संबंधित अधीनस्थों को समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए।थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने लेखपाल को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अपने अपने सर्किल में जा कर विवादित प्रकरणों का निपटारा करें उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही उदासीनता या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस मौके पर सीओ सिराथू कृष्ण कुमार सिंह एसओ कोखराज क्षेत्रीय लेखपाल कानूनगो रियाज अहमद नेहा लोक नाथ ,दिलीप, अमन सिंह,साधना सिंह,आदि लेखपाल उपस्थिति रहे।

### थानेदार ने थाना समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

**कौशांबी।** चरवा थाने में थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को थानेदार की अध्यक्षता में किया गया जहां पर चरवा थाना अध्यक्ष उप निरीक्षक समेत राजस्व निरीक्षक और तमाम लेखपाल मौजूद रहे थाना समाधान दिवस के अवसर पर जमीनी विवाद से संबंधित पांच फरियादी थानेदार के सामने पेश हुए और शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जमीनी विवाद के निस्तारण की मांग की थानेदार ने जमीनी विवाद से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र को राजस्व विभाग को सौपते हुए कहा कि थाने के सिपाही और उप निरीक्षकों की मदद लेकर के राजस्व निरीक्षक जमीनी विवाद का निस्तारण करें समसपुर गांव सभा के लेखपाल थाना समाधान दिवस में नहीं मौजूद रहे जिससे उनके क्षेत्र की जमीनी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो सका है।

### समाधान दिवस पर डीएम एसपी द्वारा सुनी गई जनता की फरियाद

**डीएम एसपी ने कहा कि थाना समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही उदासीनता बर्दाश्त नहीं**

**अझुवा कौशाम्बी।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम सुजीत कुमार और एसपी हेमराज मीणा कोखराज थाने में फरियादी की समस्याओं को सुनने के बाद सैनी थाना पहुँचे डीएम व एसपी द्वारा सैनी कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि थाना समाधान दिवस की शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही उदासीनता बर्दाश्त नहीं होगी उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण हो डीएम सुजीत कुमार व एसपी हेमराज मीणा द्वारा अधीनस्थों को शिकायतों के जल्द निस्तारण के निर्देश दिये गए कड़ाधाम कोतवाली में एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की समस्याओं को सुन जिम्मेदारों को निस्तारण के निर्देश दिए है थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस टीम के साथ राजस्व टीम भी मौजूद रही इसी तरह पूरे जिले के थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया और थानेदारों ने समस्याओं को सुना कुछ स्थानों में स्थानीय क्षेत्राधिकारी और उप जिला अधिकारी भी पहुंचे और समाधान दिवस के आयोजन में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।

### हत्याभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना करारी पर पंजीकृत मुकदमा पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त मन्नू उर्फ सुखराज लोध पुत्र रान सिंह निवासी हन्जापुर थाना मझनपुर को न्यायालय एडीजे-9 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एव जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आजीवन कारावास तथा दो लाख सत्तर हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

### हत्यारोपी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त महेन्द्र उर्फ शनि पटवा पुत्र स्व0 महेश चन्द्र निवासी असोथर रोड थरियाव थाना थरियाव जनपद फतेहपुर को मुखबिर की सूचना पर टेडीमोड से हाईवे चेकिंग के दौरान गिरफ्तारी कर गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ व निशादेही पर आलाकत्ल लोहे का पाना (रिच), गमछा व मौके से देशी शराब की सीसी व मृतक का एक अदद मोटर साइकिल बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# छलावा : 10 वर्षों में किए गए डेढ़ करोड़ पौध रोपण जिले की धरती से गायब !

**कौशांबी जिले में बृहद पौधारोपण बना छलावा सत्ता पक्ष से लेकर विपक्षी तक के जनप्रतिनिधियों ने साधी चुप्पी**

**रेंज से लेकर मंडल स्तर तक के विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल शासन को भेजी गई क्या झूठी रिपोर्ट**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** शासन के निर्देश पर प्रत्येक वर्ष बृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाता है 10 वर्षों के दौरान कौशांबी की धरती में लगभग डेढ़ करोड़ पौधारोपण वन विभाग द्वारा कराए जाने का दावा किया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि कौशांबी की धरती में 10 परसेंट पौधारोपण भी जमीनी हकीकत में दिखाई नहीं पड़ रहा है विभाग के इस हेराफेरी में जिले की जनता अचंभित है विभाग द्वारा वृहद पौधारोपण के नाम पर क्या सरकार को झूठी रिपोर्ट भेजकर पौधारोपण की रकम निकाली गई है या पौधारोपण के बाद लकड़ी माफियाओं ने पेड़ काट दिया है और वन विभाग के रेंज से लेकर मंडल तक के अधिकारी धृतराष्ट्र बने रह गए हैं यह बड़ी जांच का विषय है और पौधारोपण के नाम पर विभाग में चल रहे इस खेल में योगी सरकार ने संज्ञान लेकर उच्च स्तरीय जांच कराई तो कई अधिकारियों पर शासन की गाज गिरना तय है। बताते चलें कि वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के मुखिया अखिलेश यादव ने पूरे प्रदेश में वृहद पौधारोपण का निर्देश दिया था अखिलेश यादव के निर्देश पर वर्ष 2012 से 2017 तक 5 वर्षों तक लगातार वृहद पौधारोपण अभियान वन विभाग ने चलाया विभागीय आंकड़ों में इस बात का उल्लेख है और शासन को रिपोर्ट भी भेजी गई है उनके बाद 2017 में भाजपा की योगी सरकार ने भी अभियान को शुरू रखा और 2017 से 2021 तक योगी सरकार के निर्देश पर फिर कौशांबी जिले में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया गया इस बात का उल्लेख भी विभाग के अभिलेखों में है और शासन को वृहद पौधारोपण की रिपोर्ट भी विभाग द्वारा भेजी गई है 10 वर्षों के बीच डेढ़ करोड़ से अधिक पौधारोपण का दावा वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कर रहे हैं सूत्रों की मानें तो 90% पौध धरती से गायब हो चुके हैं अब यह कहां खेल हुआ है यह तो बड़ी जांच का विषय है लेकिन जब जिले की धरती में 90% पौधारोपण मौजूद न होने की बात विभाग के रेंज से लेकर मंडल स्तर तक के अधिकारियों से की जाती है तो वह इधर उधर झांकने लगते हैं पौधारोपण के इस खेल के हेराफेरी के मामले में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी जवाब देने को तैयार नहीं है वन विभाग में चल रहे हैं पौधरोपण के इस गोरखधंधे के मामले में सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष के जनप्रतिनिधियों ने भी पौध घोटाला पर आवाज बुलंद करने का प्रयास नहीं किया है मंच पर बैठकर लंबी चौड़ी भाषण देने वाले इन जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधारोपण के मामले में चुप्पी साधना बहुत कुछ कह रहा है।

# जिससे विवाद उसी का बयान युवक ने कर लिया आत्महत्या

**युवक की मौत के बाद पुलिस भी युवक के आत्महत्या की करने लगी बयान बाजी**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के मोती का पुरवा मजरा कोरियो गांव में पारिवारिक विवाद के बाद शनिवार को एक युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई है परिजनों ने युवक की मौत के बाद आत्महत्या के बात प्रचारित कर दी है जिससे विवाद था वहीं युवक के आत्महत्या की बात कर रहा है और विवादित व्यक्ति के बयान पर पुलिस भी युवक की आत्महत्या की बात प्रचारित करने लगी है मामला संदिग्ध प्रतीत होता है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनाक्रम के मुताबिक सैनी कोतवाली के मोती का पुरवा मजरा कोरिया निवासी इंद्रजीत सिंह उम्र 27 वर्ष पुत्र सुरेश सिंह का पत्नी से विवाद होता रहता था शनिवार की दोपहर पत्नी ने गांव वालों को बताया कि युवक ने आत्महत्या कर लिया है अब सवाल उठता है कि जिससे विवाद रहता था वही इस मौत के प्रकरण पर प्रकाश डाल रहा है और पुलिस भी उस मामले को सत्य मानकर युवक के आत्महत्या की बात को प्रचारित करने लगी है मृतक युवक की पत्नी का कहना है कि अपने घर के अंदर दरवाजा बंद करके छत के चुल्ले में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पत्नी से विवाद की पुष्टि परिवार के अन्य लोग और ग्रामीण भी कर रहे हैं इसलिए युवक की मौत संदिग्ध प्रतीत होती है कहीं विवादित व्यक्ति को रास्ते से हटाने की योजना तो नहीं है।

## न्यूज झरोखा

### बाइक सवारों ने युवक को जमकर पीटा नकदी छीनने का आरोप



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के सिरसी स्कूल के पास कार सवार को रोककर बाइक सवारों ने उसे वाहन से बाहर खींच कर गाली गलौज मारपीट की है पीड़ित का कहना है कि उसके पास मौजूद रकम छीन ली गई है घटना 13 मई के रात लगभग 8:30 बजे की है मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। बताया जाता है कि चरवा गांव निवासी सतीश कुमार 13 मई की रात लगभग 8:30 बजे कार से अपने घर जा रहे थे जैसे ही कार सवार चरवा थाने से आगे बढ़े उन्हें रोककर धमकी दी गई कुछ दूर आगे बढ़े फिर रोककर गाली गलौज की गई जैसी ही सिरसी स्कूल के पास कार सवार पहुँचा बाइक सवार साथियों समेत एकत्रित हो गए और कार को ओवरटेक कर रोक लिया बताया जाता है कि कार से सतीश को खींचकर बेरहमी से पीटा गया है पुलिस को दिए तहरीर में सतीश ने बताया कि उसके पास मौजूद डेढ़ हजार रुपए बाइक सवार युवकों ने छीन लिया है

### सौतेली माँ बनी जल्लाद बच्चो को बेरहमी से पीटा



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पंसौर गांव में सौतेली माँ जल्लाद बन गई है और छोटे-छोटे बच्चों को आए दिन बेरहमी से पीट रही है बच्चों के मामा ने मामले की शिकायत पुलिस से कर कार्यवाही की मांग की है बच्चो के पिता रोजी रोटी के चक्कर में गुजरात मे रह रहे हैं। पुलिस को दिए तहरीर में हसीन उल्ला ने बताया कि शादी के बाद उसकी बहन की 3 वर्ष पहले मौत हो चुकी है और बहनोई इस्तियाक अहमद की दूसरी पत्नी आशिया बेगम अपने सौतेले बेटे फल्म उम्र करीब 05 वर्ष सादिक उम्र 11वर्ष और सिमरन उम्र 16 वर्ष को आए दिन प्रताड़ित करती है गाली गलौज लात घूसों मुक्कों व झाडू से छोटे बच्चो को सौतेली मां बराबर मारती है जल्लाद बन चुकी सौतेली माँ दीवार में बच्चों का सिर लड़ा कर मारपीट करती हैं मामले की शिकायत पुलिस से करने के बाद जल्लाद बनी सौतेली मां पर कार्यवाही की मांग की गई है।

### अलग अलग थानों में दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** अलग अलग थानों द्वारा दो वारंटी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है जानकरी के मुताबिक थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त लवकुश पुत्र गेदयी निवासी इच्छना थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया हैं इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त सुहेल अहमद पुत्र समीम अहमद निवासी भीखपुर मेडवारा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### छात्रा के अपहरण की साजिश रचने वाले होमगार्ड को विभाग ने किया निलंबित

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र की एक बालिका के अपहरण में साजिश रचने वाले होमगार्ड को जिला कमांडेंट ने निलंबित कर दिया है साजिश रचने वाले होमगार्ड के विरुद्ध प्रयागराज पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है होमगार्ड को निलंबित किए जाने के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है बताते चलें कि मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ऊनो गांव की एक बालिका 02 मई को प्रयागराज परीक्षा देने गई थी उस बालिका को प्रयागराज शहर से होमगार्ड के जवान ने साजिश रच कर अपने साथियों समेत अपहरण कर लिया है प्रयागराज में परीक्षा देकर छात्रा के घर वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो गए परिजनों के द्वारा छात्रा को खोजने में पता चला कि परीक्षा केंद्र के बाहर से छात्रा को एक युवक साथियों समेत अपहरण करके ले गया है जिस पर छात्रा के परिजनों ने प्रयागराज पुलिस से शिकायत की परिजनों की शिकायत पर प्रयागराज पुलिस ने 7 मई को मुकदमा दर्ज कर लिया है परिजनों ने बालिका की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की है जानकारी के मुताबिक राधा कृष्ण निवासी ऊनो कोतवाली मंझनपुर ने कीटगंज प्रयागराज पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 02 मई को महिला सेवा सदन बैराहना प्रयागराज बीटीसी की परीक्षा देने उनकी बेटी प्रभा गयी थी लेकिन बीटीसी की परीक्षा देने के बाद उनकी बेटी प्रभा वापस गांव नही लौटी परिजनों ने पुलिस को बताया कि ललित पुत्र लवकुश और गिरीश पुत्र बहादुर ऊनो कोतवाली मंझनपुर की साजिश से रामचन्द्र पुत्र राजीव निवासी ऊनो ने परीक्षा देने के बाद वापस लौट रही छात्रा प्रभा का अपने साथियों समेत अपहरण कर लिया है अपहरण किए जाने के बाद छात्रा की हत्या की आशंका परिजनों ने जताई है परिजनों की शिकायत के बाद 07 मई को कीटगंज पुलिस ने अपहरण समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है लेकिन घटना को 11 दिन बीत जाने के बाद भी गायब छात्रा का सुरागरसी पुलिस नहीं लगा सकी है बताया जाता है कि बालिका का अपहरण कर गायब करने वाले लोगों में पुलिस विभाग का एक होमगार्ड का जवान भी शामिल है अपहरण में साजिश रचकर छात्रा का अपहरण कराए जाने के मामले को होमगार्ड के जिला कमांडर ने गंभीरता से लिया और होमगार्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है सूत्रों की माने तो उक्त होमगार्ड जिला अधिकारी आवास की ड्यूटी पर लगा है।

# 46 अवैध कब्जा धारकों से वसूली चार अवैध कब्जा धारकों के गिराए गए घर

**योगी सरकार की बुलडोजर योजना तहसील के अधिकारियों की लूट का बना अड्डा**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** योगी सरकार अवैध कब्जा धारकों पर बुलडोजर चलाकर कार्यवाही का निर्देश दे रही है लेकिन योगी सरकार के इस निर्देश पर सरकार डाल डाल तो अधिकारी पात पात की तर्ज पर चल रहे हैं योजना से जुड़े राजस्व विभाग के लोगों द्वारा बेखौफ तरीके से पक्षपात किया जा रहा है गरीब कमजोर मजलूम जो राजस्व अधिकारियों की मांग नहीं पूरी कर पाते उनके घरों पर बुलडोजर चला कर सरकार से वाहवाही लूटी जा रही है खुलेआम बेखौफ तरीके से न्याय की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और अवैध कब्जे हटाने के नाम पर खुलेआम धना दोहन हो रहा है ताजा मामला मंझनपुर तहसील क्षेत्र के रकसौली गांव का है जहां खलिहान की भूमि संख्या 313 पर 50 लोगों से अधिक ने अवैध कब्जा कर भवन बना लिया है अवैध तरीके से भवन बनाए जाने के मामले में राजस्व कर्मियों की भूमिका हमेशा सवालों के घेरे में रही है इस जमीन पर कई दो मंजिले भवन भी बनाए जा चुके हैं पूरी तरह से राजस्व विभाग की भूमिका सवालों के घेरे में है सरकारी जमीनों पर कब्जा कराने वाले राजस्व निरीक्षकों की संलिप्तता के चलते उन्हें गिरफ्तार कर जेल दिया जाना चाहिए लेकिन उन्हें जांच का जिम्मा सौंप दिया गया है इसी भूमि पर गांव के मिट्ठू लाल नियामत उल्ला लालचंद कासिम अली आदि ने भी झोपड़पट्टी डाली थी अवैध कब्जा धारक 46 लोगों को नजरअंदाज करते हुए चार लोगों के झोपड़पट्टी को बुलडोजर से गिरा कर लेखपाल ने सरकार को अतिक्रमण मुक्त खलिहान की रिपोर्ट भेज दी है आखिर 46 लोगों के भवन पर बुलडोजर चलाने में तहसील अधिकारियों को साँप क्यों सूंघ गया है यह बड़ी जांच का विषय है और तहसील प्रशासन के पक्षपातपूर्ण कार्यवाही को यदि योगी सरकार ने संज्ञान लिया तो जहां अवैध कब्जा धारकों की मुसीबत बढ़ेगी वहीं तहसील प्रशासन पर भी सरकार का चाबुक चल सकता है।

### तीन दिन अपराधियों के विरुद्ध अभियान चला कर 230 अपराधियों को किया चेक

**जनपद में लूट/चोरी/नकबजन/मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 230 अपराधियों का पुलिस टीम द्वारा किया गया सत्यापन**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधों में संलिप्त अपराधियों के अपराधिक गतिविधियों की जानकारी/उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद में दिनांक 10 मई से 12 मई तक प्रभावी अभियान चलाया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान के अन्तर्गत अपराधियों को हल्का उपनिरीक्षक/बीट आरक्षियों को आवंटित करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति, यथा, वर्तमान में वह क्या कर रहा है, किन-किन के सम्पर्क में रह रहा है तथा कौन सा वाहन प्रयोग अपराधियों द्वारा किया जा रहा है एवं अपराधियों के मोबाइन नम्बर की जानकारी करायी गयी तथा उनके घरों का अक्षांश देशान्तर लिया गया अभियान के अन्तर्गत 230 लुटेरे चोर नकबजन मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों का सत्यापन/प्रभावी कार्यवाही कराते हुए डोजियर तैयार कराया गया एवं उनकी गतिविधियों पर पुलिस द्वारा निरन्तर निगरानी रखी जा रही है उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय कौशाम्बी ने दी है।

# सिपाही ने युवक का बाल मुड़वा कर थाने में किया अधमरा

## ब्रिटिश पीरियड के अत्याचार को पीछे छोड़ रहा थाने का सिपाही पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री से माँगी मदद

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस की पिटाई से घायल युवक

**कौशांबी।** योगीराज में पुलिस का अत्याचार ब्रिटिश हुकूमत की याद दिलाता है युवक के बाल मुड़वा कर उसके साथ थाने में थर्ड डिग्री का प्रयोग किया गया है सैनी कोतवाली पुलिस एक बार फिर से सवालिया घेरे में कैद हो गई है। सैनी कोतवाली इलाके के तिलोकपुर के रंजीत कुमार शर्मा ने बताया है कि रंजीत और उसकी पत्नी के बीच पैसों को लेकर विवाद शुरू हुआ पत्नी ने पुलिस से शिकायत की तो थाना सैनी के सिपाही रंजीत को थाने में पकड़ लाये और जमकर मारा पीटा इतना मारा कि रंजीत अधमरा हो गया इसके बाद सिपाही ने युवक के सिर के बाल मुंडवा दिया तिलोकपुर के पीड़ित रंजीत कुमार की मां ने बताया कि उसके बेटे के साथ घोर अन्याय सैनी पुलिस द्वारा किया जा रहा है। पहले युवक के साले और उसकी पत्नी ने उसे मारा इसके बाद कोतवाली सैनी ले जाकर सिपाही ने जमकर मारा पीटा जिसकी शिकायत पुलिस अधिकारियों से की गई है लेकिन न्याय नहीं मिला मीडिया के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री से पीड़ित ने मदद की गुहार लगाई है तो वही पीड़ित रंजीत के भाई ने बताया की उसके भाई को लगातार उल्टी आ रही है पेशाब के रास्ते से खून शुरू हो गया है क्योंकि सिपाही ने जमीन पर लिटा कर बूट पहन कर मारा पीटा था जिस्म के ऊपरी हिस्सों के अलावा अंदरूनी चोटें भी हैं सैनी कोतवाली में सिपाही का आतंक अत्याचार चल रहा था और कोतवाल अपने को अनजान बन रहे हैं पीड़ित युवक का मेडिकल भी सैनी पुलिस ने अभी तक नहीं कराया भाई ने यूपी के मुखिया से न्याय की गुहार लगाई है सैनी पुलिस पर कार्यवाही और पीड़ित के परिवार पर अत्याचार करने वालो पर कार्रवाई की मांग की है।

### अस्पताल परिसर में हैंडपंप ना होने से प्यासे तड़पते हैं मरीज

**नगर पालिका द्वारा पानी सप्लाई के लिए खरीदा गया टैंकर नगर में पेड़ पौधों में पानी सिंचाई करते देखा जाता है**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर रोड पर होम्योपैथी अस्पताल का निर्माण कई वर्षों पूर्व कराया गया था समरसेबल लगाया गया था जो खराब हो चुका है अस्पताल के पास बजट नहीं है जिससे समरसेबल की मरम्मत नहीं हो रही है इस अस्पताल परिसर में हैंडपंप नहीं लगाया गया है जिससे होम्योपैथी अस्पताल आने वाले मरीज और उनके परिजनों को बूंद बूंद पानी के लिए तड़पना पड़ता है अपन भरी गर्मी में मरीज और उनके परिजन प्यास से व्याकुल हो उठते हैं पानी का कोई इंतजाम नहीं है नगर पालिका द्वारा खरीदा गया टैंकर भी आम जनता के उपयोग में नहीं आ सका है नगर पालिका द्वारा पानी सप्लाई के लिए खरीदा गया टैंकर नगर में पेड़ पौधों में पानी की सिंचाई करते देखा जाता है ।अस्पताल परिसर में हैंडपंप मौजूद ना होने से मंझनपुर होम्योपैथी अस्पताल में मौजूद चिकित्सक और कर्मचारी भी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं बाहर से पानी लाकर मरीज उनके परिजनों और कर्मचारियों को प्यास बुझानी पड़ती है होम्योपैथी अस्पताल में पानी की समस्या का समाधान करने के लिए नगर पालिका से लोगों ने कई बार कहा विभाग ने भी नगर पालिका को पत्र लिखा लेकिन होम्योपैथी अस्पताल में पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सका है नगर वासियों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए होम्योपैथी अस्पताल परिसर में हैंडपंप लगाए जाने की मांग की है।

# जनपद के सभी विकास खंडों पर आयोजित हुआ ब्लॉक दिवस

**ब्लॉक दिवस का प्रथम दिन होने के चलते जनता में जागरूकता की कमी रही है जिससे ब्लॉक दिवस पर आम जनता की उपस्थिति बेहतर नहीं रही**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी विकास खण्डों में 14 मई को ब्लॉक दिवस का आयोजन ब्लॉक कार्यालय पर किया गया ब्लॉक दिवस के अवसर पर ग्रामीणों की समस्याओं को मौजूद अधिकारियों ने सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर कर दिया जाएगा। ब्लॉक दिवस का प्रथम दिन होने के चलते जनता में जागरूकता की कमी रही है जिससे ब्लॉक दिवस पर आम जनता की उपस्थिति बेहतर नहीं रही है लेकिन फिर भी ब्लॉक दिवस का आयोजन अधिकारियों ने किया है।

जिलाधिकारी सुजीत कुमार के निदेर्शानुसार मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया था कि विकास खंड कार्यालय में शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाए इसी क्रम में शनिवार को जिले के सभी विकास खंड में ब्लॉक दिवस का आयोजन किया गया बताते चले कि प्रत्येक माह के दूसरे व चौथे शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जारी किया है ब्लॉक दिवस में समस्त संबंधित अधिकारियों खंड शिक्षा अधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी पशु चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य रहने का निर्देश योगी सरकार ने दिया है योगी सरकार ने कहा है कि ब्लॉक दिवस में संबंधित अधिकारी उपस्थित रह कर आम जनता की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करें इसी क्रम में जिले के सभी विकास खंड में शनिवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया है जहां शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों ने किया है।

संपादकीय

# गुटीय राजनीति से भारत को बचना होगा

**नाटो** नामक सैन्य संगठन में अब यूरोप के दो नए देश भी जुड़नेवाले हैं। ये हैं- फिनलैंड और स्वीडन। इस तरह 1949 में अमेरिका की पहल पर बने 15 देशों के इस संगठन के अब 32 सदस्य हो जाएंगे। यूरोप के लगभग सभी महत्वपूर्ण देश इस सैन्य संगठन में एक के बाद एक शामिल होते गए, क्योंकि शीतयुद्ध के जमाने में उन्हें सोवियत संघ से अपनी सुरक्षा चाहिए थी और सोवियत संघ के खत्म होने के बाद उन्हें स्वयं को संपन्न करना था। फिनलैंड, स्वीडन और स्विटजरलैंड जान-बूझकर सैनिक गुटबंदियों से अलग रहे लेकिन यूक्रेन पर हुए रूसी हमले ने इन देशों में भी बड़ा डर पैदा कर दिया है। फिनलैंड तो इसलिए भी डर गया है कि वह रूस की उत्तरी सीमा पर अवस्थित है। रूस के साथ उसकी सीमा 1340 किमी की है, जो नाटो देशों से दुगुनी है। फिनलैंड पर हमला करना रूस के लिए यूक्रेन से भी ज्यादा आसान है। यूक्रेन की तरह फिनलैंड भी रूसी साम्राज्य का हिस्सा रहा है। सेंट पीटर्सबर्ग से मास्को जितनी दूर है, उससे भी कम दूरी (400 किमी) पर फिनलैंड है। द्वितीय महायुद्ध के बाद फिनलैंड तटस्थ हो गया लेकिन स्वीडन तो पिछले 200 साल से किसी भी सैन्य गठबंधन में शामिल नहीं हुआ। अब ये दोनों देश नाटो में शामिल होना चाहते हैं, यह रूस के लिए बड़ा धक्का है। उधर दक्षिण कोरिया भी चौगुटे (क्वाड) में शामिल होना चाह रहा है। ये घटनाएं संकेत दे रही हैं- नई वैश्विक गुटबाजी के! रूस और चीन मिलकर अमेरिका को टक्कर देना चाहते हैं और अमेरिका उनके विरुद्ध सारी दुनिया को अपनी छतरी के नीचे लाना चाहता है। यदि फिनलैंड और स्वीडन नाटो की सदस्यता के लिए अर्जी डालेंगे तो भी उन्हें सदस्यता मिलने में साल भर लग सकता है, क्योंकि सभी 30 देशों की सवार्नुमति जरूरी है। नाटो के महासचिव ने इन दोनों देशों का स्वागत किया है लेकिन मास्को ने काफी सख्त प्रतिक्रिया दी है। रूसी प्रवक्ता ने कहा है कि नाटो का यह विस्तार रूसी सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। रूस चुप नहीं बैठेगा। वह जवाबी कार्रवाई करेगा। वह फौजी, तकनीकी और आर्थिक कदम भी उठाएगा। रूस ने धमकी दी है कि वह फिनलैंड को गैस की सप्लाई बंद कर देगा। वह बाल्टिक समुद्र के तट पर परमाणु प्रक्षेपास्त्र तैनात करने की भी तैयारी करेगा। इन सब धमकियों के बावजूद इन देशों की जनता का रुझान नाटो की तरफ बढ़ रहा है। इनकी 70-80 प्रतिशत जनता नाटो की सदस्यता के पक्ष में है, क्योंकि नाटो चार्टर की धारा 5 कहती है कि नाटो के किसी एक सदस्य पर किए गए हमले को सभी तीसों सदस्यों पर हमला माना जाएगा। यदि यूक्रेन नाटो का सदस्य होता तो रूस की हिम्मत ही नहीं होती कि वह उस पर हमला करे। यूक्रेन की फजीहत इसीलिए हो रही है कि वह नाटो का सदस्य नहीं है। ऐसा लगता है कि अब विश्व राजनीति फिर से दो गुटों में बंटने वाली है। यह खेल जरा लंबा चलेगा। भारत को अपने कदम फूंक-फूंककर रखने होंगे। भारतीय विदेश नीति को अपना ध्यान दक्षिण और मध्य एशिया के पड़ोसी देशों पर केंद्रित करना होगा। इन देशों को गुटीय राजनीति में फिसलने से बचाना भारत का लक्ष्य होना चाहिए।

# समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम नहीं

**डॉ. सुरभि सहाय**

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पब और गलियां हर जगह महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। सार्वजनिक जगहों पर भी महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं होती रहती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अपराधों को कम कर दिखाने की पुलिसिया प्रवृत्ति भी काफी हद तक ऐसे मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। निर्भया केस के बाद देश में बलात्कार के मामलों पर व्यापक आंदोलन और बहस की शुरूआत हुई थी। केंद्र सरकार ने कानून में भी जरूरी बदलाव किये थे

**देश** में बलात्कार की घटनाएं निरन्तर बढ़ रही हैं। अबोध बालिका से लेकर वृद्ध महिलाएं तक वहशीपन का शिकार हो रही हैं। समस्या का दुखद पहलू यह है कि बलात्कार जैसे अपराधों में पीड़ित महिलाओं को ही बदनाम होने का डर रहता है। उन्हें लगता है कि अगर वे शिकायत करेंगी, तो समाज उन्हें ही कलंकित करेगा। दरअसल, हमारे कुछ नेताओं ने विवादास्पद बयानों को लेकर इस डर को बढ़ा भी दिया है। ऐसे में ज्यादातर महिलाएं अपने साथ हुए यौन दुर्व्यवहार के बारे में किसी को नहीं बताती। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट में कहा गया था कि 2001 से 2017 के बीच यानी 17 वर्षों में देश में रेप के मामले दोगुने से भी ज्यादा बढ़ गए हैं। वर्ष 2001 में देश में जहां ऐसे 16,075 मामले दर्ज किए गए थे वहीं वर्ष 2017 में यह तादाद बढ़ कर 32,559 तक पहुंच गई। अहम प्रश्न यह है कि आखिर महिलाओं के खिलाफ ऐसे बर्बर मामलों पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? इस सवाल पर सरकारों और समाजशास्त्रियों के नजरिए में अंतर है। मुश्किल यह है कि सरकारें या पुलिस प्रशासन ऐसे मामलों में कभी अपनी खामी कबूल नहीं करते। इसके अलावा इन घटनाओं के बाद होने वाली राजनीति और लीपापोती की कोशिशों से भी समस्या की मूल वजह हाशिए पर चली जाती है। यही वजह है कि कुछ दिनों बाद सब कुछ जस का तस हो जाता है। वर्ष 2018 में हुए थॉम्पसन रॉयटर्स फाउंडेशन के सर्वेक्षण के मुताबिक, लैंगिक हिंसा के भारी खतरे की वजह से भारत पूरे विश्व में महिलाओं के लिए सबसे खतरनाक देशों के मामले में पहले स्थान पर था। अब तक इस मुद्दे पर हुए तमाम शोधों से साफ है कि बलात्कार के बढ़ते हुए इन मामलों के पीछे कई वजहें हैं। मिसाल के तौर पर ढीली न्यायिक प्रणाली, कम सजा दर, महिला पुलिस की कमी, फास्ट ट्रैक अदालतों का अभाव और दोषियों को सजा नहीं मिल पाना जैसी वजहें इसमें शामिल हैं। इन सबके बीच महिलाओं के प्रति सामाजिक नजरिया भी एक अहम वजह है। समाज में मौजूदा दौर में भी लड़कियों को लड़कों से कम समझा जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि देश में रेप महज कानून व्यवस्था की समस्या नहीं है। पितृसत्तात्मक समाज में पुरुषों को ज्यादा अहमियत दी जाती है और महिलाओं को दोयम दर्जे का नागरिक माना जाता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ने 2020 में हुए अपराधों के



जो आंकड़ें जारी किये हैं उनके अनुसार, पूरे देश में 2020 में बलात्कार के प्रतिदिन औसतन करीब 77 मामले दर्ज किए गए. पिछले साल दुष्कर्म के कुल 28,046 मामले दर्ज किए गए। देश में ऐसे सबसे अधिक मामले राजस्थान में और दूसरे नंबर पर उत्तर प्रदेश में दर्ज किए गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत आने वाले एनसीआरबी ने कहा कि पिछले साल पूरे देश में महिलाओं के विरूद्ध अपराध के कुल 3,71,503 मामले दर्ज किए गए जो 2019 में 4,05,326 थे और 2018 में 3,78,236 थे। एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार, 2020 में महिलाओं के विरूद्ध अपराध के मामलों में से 28,046 बलात्कार की घटनाएं थी जिनमें 28,153 पीड़िताएं हैं। पिछले साल कोविड-19 के कारण लॉकडाउन लगाया गया था। उसने बताया कि कुल पीड़िताओं में से 25,498 वयस्क और 2,655 नाबालिग हैं। एनसीआरबी के गत वर्षों के आंकड़ों के मुताबिक, 2019 में बलात्कार के 32,033, 2018 में 33,356, 2017 में 32,559 और 2016 में 38,947 मामले थे। वर्ष 2020 में बलात्कार के सबसे ज्यादा 5,310 मामले राजस्थान में दर्ज किए गए।

इसके बाद 2,769 मामले उत्तर प्रदेश में, 2,339 मामले मध्य प्रदेश में, 2,061 मामले महाराष्ट्र में और 1,657 मामले असम में दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में बलात्कार के 997 मामले दर्ज किए गए हैं। वर्ष 2020 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल मामलों में से, सबसे ज्यादा 1,11,549 पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता की श्रेणी के थे जबकि 62,300 मामले अपहरण के थे। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि 85,392 मामले शील भंग करने के लिए हमला करने के थे तथा 3,741 मामले बलात्कार की कोशिश के थे। उसमें बताया गया है कि 2020 के दौरान पूरे देश में तेजाब हमले के 105 मामले दर्ज किए गए। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में साल 2020 में दहेज की वजह से मौत के 6,966 मामले दर्ज किए गए जिनमें 7,045 पीड़िताएं शामिल थीं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि बलात्कार समाज और देश की असफलता भी है। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2019 में 33,658 बलात्कार किए गए। करीब 94 फीसदी मामले ऐसे थे, जिनमें बलात्कारी और बेटी या महिला एक-दूसरे को जानते थे। बीते 10 सालों के दौरान बलात्कार और सामूहिक दुष्कर्म के 2.75 लाख से अधिक मामले दर्ज किए गए। जो किसी भी वजह से दर्ज नहीं कराए गए, यदि उन हादसों और यौन हमलों को भी शामिल कर लिया जाए, तो हमारे गांव, शहर, समाज और देश का एक और वीभत्स और विकृत चेहरा सामने आएगा। यह अपराध हमारे समाज और देश की निरंतरता भी बन चुका है।

महिला और बाल कल्याण विभाग की रिपोर्ट में ये बात साफ हुई है कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित इंतजाम नहीं किए गए हैं।

बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, पब और गलियां हर जगह महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं। सार्वजनिक जगहों पर भी महिलाओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं होती रहती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अपराधों को कम कर दिखाने की पुलिसिया प्रवृत्ति भी काफी हद तक ऐसे मामलों के लिए जिम्मेदार हैं। निर्भया केस के बाद देश में बलात्कार के मामलों पर व्यापक आंदोलन और बहस की शुरूआत हुई थी। केंद्र सरकार ने कानून में भी जरूरी बदलाव किये थे। ये भी जमीनी सच्चाई है कि देश में 600 से अधिक फास्ट ट्रैक अदालतें सक्रिय हैं। केंद्र सरकार ने 1000 से ज्यादा ऐसी अदालतें स्थापित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन जो व्यवस्था मौजूद है, उसमें ट्रायल भी बेहद धीमा है। सालों लग जाते हैं किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में। ऐसे में परिस्थितियां बदल जाती हैं, साक्ष्य मिटा दिए जाते हैं, गवाह मुकर जाते हैं या मौजूद नहीं रह पाते और बलात्कार की परिभाषाओं और पुष्टि पर एक सार्वजनिक बहस जारी रहती है। राजनीतिक दल अपने नफे नुकसान के हिसाब से मामले को देखते हैं। औसतन पांच बलात्कारियों में से एक को कानूनी सजा मिल पाती है। हर 15 मिनट में औसतन एक बलात्कार किया जाता है। यह देश भर में सामाजिक और सार्वजनिक आंदोलनों का ही असर और दबाव था कि 2012 के निर्भया कांड के दरिंदों को, अंततः, फांसी के फंदे पर झूलना पड़ा। अलबत्ता एक वर्ग ऐसा भी था, जिसने उन बलात्कारियों की भी पैरवी की। ऐसा नहीं है कि सरकारों या पुलिस प्रशासन को ऐसे अपराधों की वजहों की जानकारी नहीं है. लेकिन समाजशास्त्रियों का कहना है कि राजनीतिक संरक्षण, लचर न्याय व्यवस्था और कानूनी पेचींदगियों की वजह से एकाध हाई प्रोफाइल मामलों के अलावा ज्यादातर मामलों में अपराधियों को सजा नहीं मिलती। निर्भया कांड के बाद कानूनों में संशोधन के बावजूद अगर ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं तो इसके तमाम पहलुओं पर दोबारा विचार करना जरूरी है। महज कड़े कानून बनाने का फायदा तब तक नहीं होगा जब तक राजनीतिक दलों, सरकारों और पुलिस में उसे लागू करने की इच्छाशक्ति नहीं हो. इसके साथ ही सामाजिक सोच में बदलाव भी जरूरी है।

ऐसे में बलात्कार के मुद्दे पर एक राष्ट्रीय आंदोलन शुरू करना बेहद जरूरी है, ताकि सरकार और समाज पर एक साथ दबाव बने और यह मनोविकार खंडित किया जा सके।

# आत्मनिर्भर भारत का आयुष अभियान

**डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**केंद्र** सरकार ने आयुष को व्यापक आधार पर प्रोत्साहित किया है। आयुर्वेद दुनिया के लिए भारत की धरोहर है। इसके साथ ही अन्य चिकित्सा पद्धतियों की भी आवश्यकता रहती है। भारत में इन सबके समन्वय के साथ जन सामान्य को चिकित्सा का लाभ मिल सकता है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस तथ्य को समझा है। उसी के अनुरूप अभियान शुरू किया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में जनसंख्या के अनुरूप चिकित्सकों की बहुत कमी रही है। इसके लिए आजादी के बाद ही विशेष कार्ययोजना की आवश्यकता थी। मगर इस पर वर्तमान केंद्र सरकार ने ध्यान देकर इस कमी को दूर करने पर ध्यान दिया। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। अनेक राज्यों ने केंद्र के साथ बेहतर समन्वय किया। उन्होंने विगत कुछ वर्षों में बेहतर कार्य किया है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस सरकारों पर स्वास्थ्य क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि देश में चिकित्सकों की कमी से सभी परिचित थे। लेकिन इस समस्या पर पूर्ववर्ती सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। जबकि भविष्य उन समाजों का होगा जो स्वास्थ्य सेवा में निवेश करते हैं। इसके अंतर्गत नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर वैश्विक आयुष निवेश एवं नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आयुष के क्षेत्र में निवेश और इनोवेशन की संभावनाएं असीमित हैं और भारत में स्टार्टअप का स्वर्ण युग शुरू हो चुका है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में चार हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुये ग्यारह नए मेडिकल कॉलेजों का लोकर्पण किया था। इससे साफ है कि कोरोना महामारी से सबक लेते हुए सभी देशवासियों को समावेशी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के रूप में गरीबों के पास उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। देश में घुटना प्रत्यारोपण और स्टेंट की लागत पहले के मुकाबले एक तिहाई हो गई है। मेडिकल शिक्षा के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। सात वर्ष पहले 396 मेडिकल कॉलेज थे। पिछले सात वर्षों में ही यह संख्या बढ़कर करीब 600 हो गई है। यह 54 प्रतिशत की वृद्धि है। सात वर्ष फ्लड लगभग 82 हजार मेडिकल अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीटें थीं। पिछले सात सालों में यह संख्या बढ़कर करीब एक लाख 48 हजार सीटों पर पहुंच गई है। यह करीब 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। सात वर्ष पहले देश में सिर्फ सात एम्स थे। अब स्वीकृत एम्स की संख्या 22 हो गई है। चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न सुधार किए गए हैं। भारत को गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा की दिशा में बढ़ रहा है।

इसी प्रकार नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में एक साथ नौ जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण किया था। इस कार्यक्रम का आयोजन सिद्धार्थ नगर में किया गया था। यह उत्तर प्रदेश के लिए राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर था। चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में मेडिकल कॉलेज निर्माण की योजना संचालित है। इस योजना को कोरोना कालखंड में भी तेजी से क्रियान्वित किया गया। इस कारण नौ जनपदों में मेडिकल कॉलेजों के निर्माण संभव हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पांच वर्ष में 33 मेडिकल कॉलेज निर्माण का कीर्तिमान बनाया है। गांधीनगर आयुष शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनाम घेब्रेसस भी सहभागी थे। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन देश के प्रमुख नीति निमार्ताओं,उद्यमियों, निवेशकों,स्टार्टअप और अन्य राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय हितधारकों को नवाचार पर विचार किया गया। भारत को उद्यमिता के लिए वैश्विक जीवनदायिनी बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया गया।आयुष क्षेत्र में पहली बार इस प्रकार का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोरोना आपदा के दौरान निवेश शिखर सम्मेलन का विचार आया। सभी ने देखा कि कैसे आयुर्वेदिक दवाएं, आयुष काढ़ा और ऐसे कई उत्पाद लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। आयुष के क्षेत्र में निवेश और इनोवेशन की संभावनाएं असीमित हैं।

## चिंतन

# समाज के सीसीटीवी में भेदभाव की धुंध

**डॉ. रीना रवि मालपानी**

जीवन सदैव नियति के विधान से चलता है पर समाज के सीसीटीवी के अनोखे विश्लेषण है। यह मानता है कि बेटी विवाह के बाद माता-पिता के घर नहीं रुक सकती। माता-पिता को रखना केवल बेटों की जिम्मेदारी है। लड़की की कमाई से माता-पिता का जीवनयापन करना ठीक नहीं। आप किसी अनाथ को गोद लेकर उसका लालन-पालन करोगे तो वह खून के रिश्ते की तरह वफादार नहीं होगा। ऐसे अनेकों प्रश्न हैं जिन पर समाज सदैव अपना सीसीटीवी लगाए रखता है। विश्लेषण और मूल्यांकन समाज करता है। मगर अपेक्षित सहयोग समाज नहीं करता। समाज के सीसीटीवी में बहू की कमाई से घर चलाना ठीक नहीं है। कन्या संतति से वंश का आगे उद्धार नहीं हो सकता। यदि आपने परिस्थिति या मन के अनुरूप निर्णय लिए हैं तो वहां उनका अतिरिक्त मूल्यांकन होने लगता है। कई माता-पिता को समाज के इस सीसीटीवी के डर से बेटी का विवाह शीघ्र करना होता है। फिर भले ही उसकी क्षमताओं को मारा जाए। वह घर उसके अनुरूप उचित हो या न हो। बाद में वह लड़की भले ही घुट-घुट कर अपना दम तोड़ती रहे। कई बार अपनों और रिश्तेदारों के कहने में आकर खर्च करते-करते हम स्वयं पूरी तरह रंक बन जाते हैं और दुख की अवस्था में हमारा कोई सहयोगी नहीं होता। यदि कोई भी स्त्री भक्ति का मार्ग चुन ले और वह अपना अत्यधिक समय ईश भक्ति में लगा दे तो यही समाज उस पर उंगली उठाने लगेगा। इस समाज की घटिया सोच के कारण ही स्त्री शादी के बाद मायके में स्वयं को बोझ समझने लगती है। क्यों समाज की सोच जीवन में उलझनों को जन्म देती है और सुलझने का मार्ग क्यों नहीं सुझाती। समाज के दिखावे के चलते लोग महंगी-महंगी पार्टी करते हैं। शादी, बर्थडे पार्टी और सेलिब्रेशन में अनाप-शनाप रुपया खर्च किया जाता है। यह रुपया हम समाज में लोगों के इलाज, शिक्षा और उनके दुख को कम करने में नहीं लगाते। यह समाज दोहरा चरित्र निभाता है। कुछ समय झूठी तारीफ कर पुनः मीन-मेख निकालने लग जाता है। इस समाज के सीसीटीवी में आदर्श बेटे-बहू की संकल्पना है पर उन आदर्शों के साथ गृहस्थी का बोझ भी ढोना है।

अत्यधिक अच्छाई की कीमत कभी-कभी आत्महत्या, घुटन, संत्रास, उत्पीड़न, अवसाद और खुद को रंक बनाकर भी अदा की जाती है। यह समाज आपके विवाह न करने, देरी से विवाह करने, प्रेम विवाह करने यानी हर स्थिति पर आपसे स्पष्टीकरण चाहता है। वह आपके परिस्थिति अनुरूप स्वतंत्र निर्णय का समर्थन नहीं करेगा पर कैमरे की चौकसी जरूर बढ़ाएगा। और उल्टे-सीधे विश्लेषण से सत्य से गुमराह करने में सहयोगी बनेगा।

क्यों हमारा समाज लोगों के अतिरिक्त मूल्यांकन के पहले उनकी यथार्थ स्थिति को समझने का प्रयत्न नहीं करता। क्यों उनके उन्नति के सोपानों में सहयोगी नहीं होता। समय के अनुरूप निर्णय का भी स्वागत होना चाहिए। जीवन सदैव वैसा नहीं होता जैसा आप अपने सीसीटीवी में देखते है। हर व्यक्ति की अपनी परिस्थितियां, अपने भविष्य के लिए विचार या अपने स्वतंत्र निर्णय हो सकते हैं। समाज को समृद्धि, खुशहाली और सकारात्मक सोच में सहयोगी होना चाहिए, क्योंकि आप भी इसी समाज का अंग हैं। परिवर्तन संसार का नियम है, जिस कसौटी पर आज आप लोगों को तौल रहे हैं कल शायद उस तराजू में आपको भी खड़ा होना हो सकता है। समाज के सीसीटीवी से बुराई, आलोचना, नकारात्मकता और अतिरिक्त मूल्यांकन की धुंध समाप्त होनी चाहिए।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पहले सुपरस्टार लेखक पंडित मुखराम शर्मा

**अजय कुमार शर्मा**

**फिल्मी** दुनिया में पटकथा (स्क्रिप्ट) लेखन के आधार पर सुपर स्टार का दर्जा पाने वालों लेखकों के बारे में सोचने पर हमारे जेहन में सबसे पहले नाम सलीम - जावेद के उभरते हैं। लेकिन इससे पहले यह दर्जा हासिल था पंडित मुखराम शर्मा को। ' धूल का फूल ' जिसे बी आर फिल्म्स ने बनाया था के पोस्टरों पर लिखा था पंडित मुखराम शर्मा की ' धूल का फूल ' । इस फिल्म में बीआर चोपड़ा ने राजकुमार को हीरो लिया था। राजकुमार ने जब कहानी सुनी तो पंडित मुखराम शर्मा से बोले- पंडित जी आपने तो मुझे विलेन बना दिया। यह एंगल बदल दीजिए। शर्मा जी का जवाब था अगर एंगल बदल दिया तो कहानी में क्या बचेगा? राजकुमार ने यह फिल्म छोड़ दी लेकिन कहानी नहीं बदली गई। बाद में राजकुमार वाला रोल राजेंद्र कुमार ने किया। फिल्म बनी भी और सुपरहिट दी हुई। पंडित मुखराम शर्मा बीआर फिल्म्स के लिए नियमित फिल्में लिखा करते थे। उनके लिखने का तरीका बिल्कुल सीधा था पहले चोपड़ा साहब यानी निर्देशक बीआर चोपड़ा को कहानी सुनाई। कहानी पसंद आई तो पूरी फिल्म लिख कर दे दी गई । बीच में कभी किसी से कोई बातचीत नहीं। एक बार चोपड़ा साहब ने उनसे कहा कि थोड़ा लिख चुके हो तो एक दिन चलकर यूसुफ साहब ( दिलीप कुमार) को सुना देंगे। वे ऐसा ही चाहते हैं। उस समय दिलीप साहब सबसे बड़े सितारे थे लेकिन पंडित जी से उनके पास जाने से मना कर दिया। नतीजतन पंडित मुखराम शर्मा जी को यह फिल्म छोड़नी पड़ी।यह फिल्म थी ' नया दौर '। इसकी सफलता पर हुई पार्टी में पंडित जी और दिलीप कुमार का आमना-सामना हो गया। दिलीप साहब ने उनसे हंसकर कहा - सुना देने में हर्ज क्या था सुझाव तो कोई भी दे सकता है। तब पंडित मुखराम जी का जवाब था- निर्देशक से गाय की तस्वीर बनाने की बात हुई... जब तक गाय की तस्वीर पूरी ना हो जाए तब तक कोई क्या सुझाव देगा। जब मैं गाय का चित्र बना लूं और उसमें पूंछ गाय की नहीं घोड़े की लगे तो जरूर सुझाव दिया जा सकता है... अधूरी तस्वीर में सुझाव कैसा ? तो यह जलवा था पंडित मुखराम शर्मा का। बात चली है स्क्रिप्ट राइटर की तो जावेद साहब के नामकरण से जुड़ा रोचक किस्सा भी सुन लीजिए। जावेद का जन्म 17 जनवरी को ग्वालियर के कमला अस्पताल में हुआ । उनके वालिद यानी पिता अपने दोस्तों के साथ अस्पताल पहुंचे तो लोगों ने कहा कि जब किसी मुस्लिम के घर कोई बच्चा पैदा होता है तो उसके कान में अजान पढ़ी जाती है। उनके और उनके दोस्तों के हाथ में उस समय कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो था तो निर्णय हुआ कि इसके कान में यहीं पढ़ देते हैं...। आगे चर्चा उनके नाम को लेकर हुई तो किसी ने उनके वालिद को याद दिलाया कि जब उन्होंने उनकी वालिदा यानी मां साफिया से शादी की थी तो उन्हें एक नज्म सुनाई थी जिसकी एक लाइन थी... 'लम्हा लम्हा किसी जादू का फसाना होगा '... तो क्यों न इसका नाम ' जादू ' रख दिया जाए। इस तरह काफी वक्त तक वे सिर्फ जादू के नाम से जाने जाते रहे...। लेकिन जब स्कूल में नाम लिखने की बात हुई तो कहा गया कोई संजीदा नाम ढूंढा जाए ...। तब ' जादू ' से मिलता जुलता नाम ' जावेद ' ढूंढा गया, जिसका मतलब होता है अमर और अख्तर यानी अमर सितारा...।

**(लेखक- राष्ट्रीय साहित्य संस्थान के सहायक संपादक हैं। नब्बे के दशक में खोजपूर्ण पत्रकारिता के लिए ख्यातिलब्ध रही प्रतिष्ठित पहली हिंदी वीडियो पत्रिका कालचक्र से संबद्ध रहे हैं। साहित्य, संस्कृति और सिनेमा पर पैनी नजर रखते हैं।)**

# चोट्टी कुतिया करे जलेबी रखवाली

**रामविलास जांगिड़**

**परंपरा** यह है कि सबसे भ्रष्ट नेता को भ्रष्टाचार मिटाओ अभियान का मुखिया बनाया जाता है। क्या कहें जी! चोट्टी कुतिया को जलेबियों की रखवाली के लिए रखने का नियम जो है। चोरों को कितना ही सुधारो! ये नहीं सुधरते। चोर और सांप दबे होने पर भी चोट करते हैं। चोर और सांप को पकड़ने के बाद भी लगातार निगाहें रखनी जरूरी होती है। समझा जाता है कि पुराने जमाने में चांडाल को सभी मनुष्यों में सबसे निकृष्ट माना जाता था। ऐसे में चोर का माल चांडाल ही खाता है। चोर के साथी गिरहकट बने दबाकर टैक्स काट रहे हैं। जहां-तहां! यहां-वहां! हर जगह चोर विराजमान है। साहूकारों के सारे सरदार चोर बने हुए हैं। इन चोरों की नजर बराबर गठरी पर लगी हुई है। इतने ढेर सारे चोर बैठे हैं कि चोर चोर को भी नहीं पकड़ पाता है और अक्सर चोर के घर भी मोर बोलने लगता है। हालांकि बात नंबर एक यह कही गई कि चोरों के कित्ते पैर होते हैं और होते हैं तो बहुत छोटे होते हैं। लंबे हाथ वाली कानून की देवी को कुछ पता नहीं चलता है। इसलिए किसी चोर को पकड़ने के लिए फिर से किसी चोर को रखवाली का जिम्मा दे दिया जाता है। सिद्धांत यह है कि चोर को चोर ही पहचाने! इधर शास्त्रों में कहा गया- चोर को पकड़िये गांठ से, छिनाल को पकड़िये खाट से। चोर को गांठ से पकड़ने का अर्थ यह है कि उसे रंगे हाथों ही पकड़ना चाहिए। किसी दुश्चरित्रा को पकड़ना हो तो उसे पर पुरुष के साथ ही पकड़ना चाहिए। अब यहां पर चोर, दुश्चरित्रा और पकड़ने वाला तीनों महत्वपूर्ण है। इन तीनों की आपस में घालमेल है। तीनों में बड़ा ही तालमेल है। आपसी मेलंमेल है! सच्ची में चोर चाहे हीरे का हो या खीरे का, चोर तो चोर ही होता है। क्योंकि चोर चोरी से अगर कभी चूक जाए तो हेराफेरी से कभी नहीं चूकता है। चोर चोरी से जाय, हेरा फेरी से न जाय। देश में चोरों की एक श्रृंखला बनी हुई है। समस्त प्रकार के चोर आपस में मौसेरे

## कलाई की चोट के कारण एशिया कप से बाहर हुए रूपिंदर सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा करेंगे नेतृत्व

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को शुक्रवार को बड़ा झटका लगा, जब टीम के कप्तान रूपिंदर पाल सिंह कलाई की चोट के कारण आगामी एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। हॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान के अनुसार ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए, जिससे वह इंडोनेशिया के जर्काता में 23 मई से शुरू होने वाले हॉकी टूर्नामेंट से हट गए।




टूर्नामेंट के लिए उनकी जगह नीलम संजीव जेस लेंगे। वहीं अनुभवी डिफेंडर बीरेंद्र लाकड़ा कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि स्ट्राइकर एस वी सुनील को उपकप्तान बनाया गया। कोच बीजे करियप्पा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि रूपिंदर अभ्यास सत्र के दौरान चोटिल हो गए।

करियप्पा ने कहा- ओलंपिक के हीरो रूपिंदर एशिया कप का हिस्सा नहीं होंगे। हमें उसकी कमी खलेगी। बीरेंद्र और सुनील काफी अनुभवी हैं और कई वर्षों से नेतृत्व समूह का हिस्सा हैं। हमारे पास पूल में काफी विकल्प उपलब्ध है। हमारे पास खिलाड़ियों का एक बहुत प्रभावशाली समूह है। एशिया कप में भारत को जापान, पाकिस्तान और मेजबान इंडोनेशिया के साथ पूल ए में रखा गया है जबकि मलयेशिया, कोरिया, ओमान और बांग्लादेश पूल बी में हैं। टीम में 10 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो सीनियर टीम में पदार्पण करेंगे।

## विश्वनाथन आनंद बनेंगे फिडे के उपाध्यक्ष, फिडे अध्यक्ष ने वर्ल्ड चैंपियन को चुनाव लड़ने वाली अपनी टीम में शामिल किया

**नई दिल्ली।** पांच बार के विश्व विजेता विश्वनाथन आनंद ने अब शतरंज के प्रशासक की भूमिका निभाने की तैयारी कर ली है। वह विश्व शतरंज महासंघ (फिडे) के अगले उपाध्यक्ष बन सकते हैं। फिडे अध्यक्ष आर्केडी ड्वारकोविच ने उन्हें चुनाव लड़ने वाली अपनी टीम में शामिल किया है। फिडे के चुनाव इस साल जुलाई-अगस्त में होने वाले 44वें चेस ओलंपियाड के दौरान होंगे। अगर इसमें ड्वारकोविच चुनाव जीतते हैं तो आनंद का फिडे उपाध्यक्ष बनना तय है।

**पहले ही दे दिए थे चुनाव लड़ने के संकेत**

ड्वारकोविच की ओर से अपनी टीम में शामिल किए जाने के बाद आनंद ने ट्वीट कर कहा कि वह आशा करते हैं कि शतरंज के बेहतर और सुनहरे भविष्य का हिस्सा होंगे। ड्वारकोविच ने घोषणा की कि आगामी फिडे चुनाव में वह बतौर अध्यक्ष दावेदारी पेश कर रहे हैं। चुनाव लड़ने वाली उनकी टीम के सदस्यों में विश्वनाथन आनंद-उपाध्यक्ष, झू चेन-कोषाध्यक्ष, जोरान ऑलिन जैनसेन, माहिर मामेदोव-उपाध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ेंगे। बीते माह आनंद ने कहा भी था कि ड्वारकोविच को चुनाव के दौरान अपना समर्थन देंगे। उस वक्त उन्होंने यह भी संकेत दिए थे कि वह ड्वारकोविच की टीम के साथ मिलकर काम करेंगे।

**ग्रैंड चेस टूर में खेलेंगे आनंद**

आनंद ने चेन्नई में होने वाले चेस ओलंपियाड में खेलने से इंकार कर दिया था, लेकिन वह भारतीय टीम से मेंटर के रूप में जुड़ गए थे। वह 17 से 24 मई को वारसा (पोलैंड) में होने वाले ग्रैंड चेस टूर इवेंट में भाग लेने जा रहे हैं। चेस ओलंपियाड के साथ ही फिडे की 94वीं कांग्रेस भी होने जा रही है, जिसमें फिडे के चुनाव कराए जाएंगे।

## लाबुशेन की तेज गेंद शरीर पर लगने से पिच पर गिरे बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के नए टेस्ट कप्तान बने बेन स्टोक्स काउंटी चैंपियनशिप के एक मैच के दौरान चोटिल होकर मैदान पर ही गिर पड़े। स्टोक्स डरहम की तरफ से खेल रहे थे और ग्लैमरगन के खिलाफ बल्लेबाजी कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने मार्नस लाबुशेन की एक पटकी हुई गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की और चूक गए। लाबुशेन की वह गेंद उनके संवेदनशील अंग पर जाकर लगी और स्टोक्स दर्द से कराहते हुए पिच पर ही गिर गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि स्टोक्स को ज्यादा दिक्कत नहीं हुई और थोड़ी देर के बाद वह दोबारा से उठ खड़े हुए और बल्लेबाजी शुरू की। स्टोक्स ने इस मैच में 110 गेंदों की अपनी पारी में दो छक्कों और आठ चौकों की मदद से 82 रन बनाए। जबकि ग्लैमरगन के लिए ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्नस लाबुशेन ने 8.3 ओवर की गेंदबाजी की। लाबुशेन के जिस ओवर में यह घटना के हुई, उस वक्त स्टोक्स 52 गेंदों में 33 रन बनाकर नाबाद थे और बल्लेबाजी कर रहे थे। घटना का वीडियो काउंटी चैंपियनशिप के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से पोस्ट किया गया, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

# पंजाब प्लेऑफ की रेस में बरकरार, बेंगलुरु को 54 रन से हराया

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2022 का 60वां मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जा रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स ने जॉनी बेयरस्टो और लिविंग्स्टोन की अर्धशतकीय पारी बेंगलुरु के सामने 210 रन का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने आई बेंगलुरु की तरफ से कोई भी बल्लेबाजी बड़ी पारी में खेलने में कामयाब नहीं हो पाया और पूरी टीम 9 विकेट के नुकसान पर 155 रन बना ही पाई। पंजाब की टीम ने इस मैच को 54 रन से अपने नाम कर लिया और प्लेऑफ की उम्मीदें भी बरकरार रखी।

**पंजाब किंग्स (पहली पारी)**

पंजाब के लिए जॉनी बेयरस्टो के साथ शिखर धवन ओपनिंग के लिए आए। बेयरस्टो रंग में दिखे। उन्होंने हेजलवुड की पहली ही ओवर में 22 रन बटोरे। पंजाब पहले 4 ओवर में बिना विकेट खाए 50 रन तक पहुंच गया।



धवन भले ही 21 रन बनाकर पवेलियन लौट गए लेकिन जॉनी का बल्ला नहीं थमा। उन्होंने पावरप्ले में ही 22 गेंदों में 59 रन जड़ दिए थे जिसमें सात छक्के भी शामिल थे। धवन के बाद राजपक्षे 1 रन बनाकर चलते बने लेकिन बेयरस्टो के साथ लिविंग्स्टोन ने रन बनाने जारी रखे और टीम का स्कोर 100 पार लगाया। बेयरस्टो 29 गेंदों में 66 रन बनाकर शाहबाज अहमद का शिकार हुए। उन्होंने अपनी पारी में 4 चौके और 7 छक्के लगाए। मयंक 19 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनका हर्षल पटेल ने विकेट निकाला।

हर्षल पटेल ने पंजाब के कप्तान मयंक अग्रवाल को आउट कर बेंगलुरु को चौथी सफलता दिलाई। मयंक 16 गेंदों पर 3 चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। वानिंदु हसरंगा ने जितेश शर्मा को 9 रन पर आउट कर पंजाब को 5वां झटका दिया। हर्षल पटेल ने हरप्रीत बराड़ के रूप में पंजाब को छठा झटका दिया। हरप्रीत 7 रन बनाकर आउट हुए। 20वें ओवर में हर्षल पटेल ने लिविंग्स्टोन को 70 रन पर आउट कर बड़ी सफलता हासिल की। लिविंग्स्टोन ने 42 गेंदों पर 5 चौके और 4 छक्के की मदद से 70 रन की पारी खेली। हर्षल पटेल ने ऋषि धवन को 7 रन पर आउट कर अपना चौथा शिकार बनाया और टीम को 8वीं सफलता दिलाई।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (दूसरी पारी)**- लक्ष्य का पीछा करने आई बेंगलुरु को टीम को सलामी बल्लेबाज फाफ डुप्लेसिस और विराट कोहली ने अच्छी शुरूआत दी। पर कागिसो रबाडा ने विराट कोहली को 20 रन पर आउट कर पंजाब को पहली सफलता दिलाई। विराट ने अपनी पारी के दौरान 2 चौके और एक छक्का लगाया। विराट के आउट होने के बाद डुप्लेसिस भी उनके पीछे-पीछे पेवलियन की राह चल पड़े। डुप्लेसिस 10 रन बनाकर ऋषि धवन की गेंद का शिकार बने। दो गेंद बाद महिपाल लोमरोर को 6 रन पर आउट कर ऋषि धवन ने बेंगलुरु को तीसरा झटका दिया।मैक्सवेल के साथ अर्धशतकीय साझेदारी बना चुके रजत पाटीदार को राहुल चाहर ने अपना शिकार बनाया। रजत ने 21 गेंदों का सामना करते हुए एक चौके और 2 छक्के की मदद से 26 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हरप्रीत बराड़ ने पंजाब को बड़ी सफलता दिलाते हुए ग्लेन मैक्सवेल को आउट कर चलता किया। मैक्सवेल 22 गेंदों पर 3 चौके औ एक छक्के की मदद से 33 बनाकर आउट हुए। अर्शदीप सिंह ने दिनेश कार्तिक को आउट कर बेंगलुरु की आखिरी उम्मीदों को भी खत्म कर दिया। कार्तिक 11 रन बनाकर आउट हुए। पंजाब किंग्स को 7वीं सफलता कागिसो रबाडा ने दिलाई। रबाडा ने शहबाज अहमद को 9 रन पर आउट कर अपना दूसरा शिकार बनाया। हसरंगा का एक ऊंचा शॉट हरप्रीत बराड़ ने बाऊंड्री रोप पर पकड़ लिया। हसरंगा एक ही रन बना पाए। इसके बाद हर्षल पटेल भी 7 गेंद में 11 रन बनाकर चलते बने।

## महिला मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिपः लवलीना बाहर, पूजा क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन का आईबीए विश्व चैम्पियनशिप के 70 किग्रा वर्ग में अभियान प्री क्वार्टरफाइनल में मिली निराशाजनक हार के साथ समाप्त हो गया जबकि साथी भारतीय मुक्केबाज पूजा रानी (81 किग्रा) ने इस्तांबुल में अंतिम आठ चरण में जगह बनायी। पिछले साल तोक्यो में पोडियम स्थान हासिल करने वाली लवलीना अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता खेल रही थीं। लेकिन वह प्री क्वार्टरफाइनल में 'फेयर चांस टीम' (एफसीटी) की सिंडी एनगाम्बा से 1-4 से हार गयी।

वहीं दो बार की एशियाई चैम्पियन पूजा ने शुरूआती मुकाबले में हंगरी की टिमिया नागी को 5-0 से पराजित किया। अब




भिवानी की इस मुक्केबाज का सामना सोमवार को क्वार्टरफाइनल में आस्ट्रेलिया के जेसिका बागले से होगा। इससे पहले असम की 24 वर्षीय लवलीना ने आक्रामक शुरूआत की लेकिन वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं कर सकीं और एफसीटी की सिंडी से हार गयीं लवलीना ने पहले दौर में पूर्व विश्व चैम्पियन चेन निएन चिन को हराया था।

## आरसीबी के कप्तान डुप्लेसिस ने बताई शर्मनाक हार की वजह

**मुंबई।** प्लेऑफ के लिए आगे बढने के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को अभी इंतजार करना पड़ेगा। ब्रेबोर्न स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेंगलुरु को करारी हार झेलनी पड़ी। बेंगलुरु के गेंदबाज तो पिटे ही साथ ही साथ टॉप बल्लेबाजी भी स्कोर नहीं बना पाए। मैच गंवाने के बाद आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने इस पर बात की। उन्होंने कहा- यह एक अच्छा स्कोर था, जाहिर तौर पर जॉनी ने जिस तरह शुरुआत की, उसने हमारे गेंदबाजों को वास्तव में दबाव में डाल दिया। 200 इस विकेट पर बराबर था। यह शानदार विकेट था। जब आप इस तरह के स्कोर का पीछा कर रहे होते हैं तो आप क्लस्टर में विकेट गंवाने का जोखिम नहीं उठा सकते और




दुर्भाग्य से हमारे साथ ऐसा ही हुआ है। डुप्लेसिस ने कोहली कर परफार्मेंस पर कहा कि वह सिर्फ काम कर रहे हैं। इसी तरह खेल काम करता है। आप बस इतना बोल सकते हैं कि कड़ी मेहनत करते रहो, मेहनत न छोड़ो या सकारात्मक रहो। उसने आज रात कुछ अच्छे शॉट खेले, जाहिर है वह चाहता है कि वह आगे बढ़े। लेकिन जैसा की होता है कि कई बार कुछ खराब क्षण आ जाते हैं। आज रात हमारे लिए बहुत अच्छी नहीं थी। अब हम एक दिन की छुट्टी लेंगे और फिर देखेंगे कि अगले मुकाबले के लिए क्या किया जाए। डुप्लेसिस ने कहा कि एक और नेट सत्र आपको एक बेहतर खिलाड़ी नहीं बनाने वाला है, यह अपने आप को दिमाग में मजबूत बनाने के बारे में है। अगर हम अपनी क्षमता के अनुसार खेलते हैं तो हम बहुत मजबूत पक्ष हैं। दुर्भाग्य से, हमने आज रात ऐसा नहीं किया।

## राहुल चाहर का खुलासा- हाथ में टांके लगने के बाद भी खेल रहा हू, इसी कारण विकेट नहीं मिल रहे

**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के लेग स्पिनर राहुल चाहर ने खुलासा किया है कि वह हाथ पर टांके लगने के बाद भी आईपीएल 2022 में खेल रहे हैं। चाहर ने विकेट ना लेने का कारण भी इसे ही बताया है। इस 22 वर्षीय ने सीजन के पहले नौ मैचों में 12 विकेट लिए। हालांकि गुजरात टाइटंस के खिलाफ 10वें मैच में वह नॉन-स्ट्राइकर के छोर पर रन-आउट के चलते उसकी उंगली टूट गई।

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ पंजाब किंग्स के मैच से पहले चाहर ने चोट पर अफसोस जताया और कहा कि वह अब अपनी इकोनॉमी दर में सुधार पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि विकेट गेंदबाज के रूप में आपके हाथ में नहीं हैं जबकि किफायती होना नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मैंने वास्तव में अच्छी शुरुआत की, फिर यह मध्य चरण में भी अच्छा था। पिछले दो-तीन मैच अच्छे नहीं थे। इसका एक कारण यह है कि मैं अपने हाथ में टांके लगाकर खेला और वह मेरी मुख्य उंगली है। टांके अभी भी लगे हैं लेकिन मैं आगामी मैचों में अपनी इकॉनमी रेट




को बेहतर करने की कोशिश करूंगा। एक गेंदबाज के रूप में विकेट आपके हाथ में नहीं है लेकिन इकोनॉमी है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि वह रॉयल चैलेंजर्स के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं। उनके खिलाफ सात मैचों में उन्होंने 50.75 की औसत से सिर्फ चार विकेट लिए हैं। मिडिल सीजन के बाद टीम के ड्रेसिंग रूम में मिजाज के बारे में पूछे जाने पर और क्वालीफिकेशन की संभावना पर उन्होंने कहा कि वे केवल कुछ गति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीम कुछ जीत हासिल करना चाहती है और रॉयल चैलेंजर्स के खिलाफ उस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए आश्वस्त है। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से हम सिर्फ एक चीज की प्रतीक्षा कर रहे हैं और वह है गति। हमने पूरे टूर्नामेंट में लगातार दो मैच नहीं जीते हैं। हम एक जीतते हैं लेकिन फिर अगला हार जाते हैं। तो बात यह है कि एक बार जब हम दो गेम जीत जाते हैं तो हमारे पास गति होगी और सभी को विश्वास है कि हम इस बार ऐसा करेंगे।

## आखिरी पूल मुकाबले में ओडिशा की बड़ी जीत, हिमाचल प्रदेश को 8-0 से रौंदा, क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में खेले जा रहे 12वें भारतीय सीनियर नेशनल विमेंस हॉकी टूर्नामेंट में ओडिशा की टीम क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। आखिरी पूल मुकाबले में ओडिशा ने हिमाचल प्रदेश को 8-0 से रौंद दिया। पूल एच के मुकाबले में ओडिशा ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और हिमाचल को कोई मौका नहीं दिया। वहीं, अन्य मुकाबलों में केरल ने तेलंगाना को भी करारी शिकस्त दी। पूल एच के मुकाबले में केरल ने भी तेलंगाना को 8-0 से हराया। वहीं, पूल जी के मुकाबले में दिल्ली ने बेहतरीन जीत हासिल की। उसने गोवा को 5-1 से हराया। हालांकि, जीत के बावजूद केरल और दिल्ली की टीम अंतिम-आठ यानी क्वार्टरफाइनल में जगह नहीं बना सकी। क्वार्टरफाइनल में महाराष्ट्र का सामना झारखंड से होगा। वहीं, हरियाणा की टीम उत्तर प्रदेश से भिड़ेगी। पंजाब की टीम कर्नाटक और मध्य प्रदेश की टीम ओडिशा से भिड़ेगी। 12वीं सीनियर नेशनल विमेंस हॉकी चैंपियनशिप 2022 में देश की बेहतरीन 27 टीमों ने हिस्सा लिया। 27 टीमों को आठ पूलों में बांटा गया था। चैंपियनशिप का फाइनल मैच 17 मई को खेला जाएगा।




# इंग्लैंड के टेस्ट कोच बनते ही ब्रेंडन मैक्कुलम ने निकाली टीम की खामियां

**मुम्बई।** इंग्लैंड के नए टेस्ट कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने कहा है कि सफेद गेंद टीमों को संभालने के 'आरामदेय' काम से इतर उन्होंने इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट को फ़र्श से उभारने की जिम्मेदारी को पसंद किया। मैक्कुलम के नियुक्ति की घोषणा गुरुवार को की गई और वह कोलकाता नाइट राइडर्स के आईपीएल अभियान की समाप्ति के तुरंत बाद न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 2 जून से होने वाली सीरीज से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मैंने दोनों भूमिकाओं को देखा लेकिन सफ़ेद गेंद के कोच की भूमिका मुझे रास नहीं आई। इन प्रारूपों में इंग्लैंड शायद दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है और वहां मेरे अच्छे दोस्त ओएन मॉर्गन ने बहुत बढ़िया सिस्टम बनाया है। जो मुझे लगता है कि



उनके बाद भी अच्छे से चलती रहेगी। मेरे लिए ऐसी आरामदेय काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। मुझे हमेशा लगता है कि अगर आप अपने जीवन में कुछ बदलना चाहते हैं तो आपको कुछ ज़्यादा संघर्षपूर्ण चुनौती की ज़रूरत होती है।

फिलहाल इंग्लैंड की टेस्ट टीम फर्श पर है और इसे आने वाले वक्त में एक सफल टीम बनाने में ही असली चुनौती दिखी। मैक्कुलम ने यह भी माना कि अपने पिछले 17 में सिर्फ एक टेस्ट जीते हुए इंग्लैंड को सशक्त बनाना टेस्ट फार्मेट के स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। मैक्कुलम का अनुबंध चार साल का है अर्थात वह 2025-26 में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एशेज तक टीम के साथ होंगे।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट की लोकप्रियता दिन प्रति दिन कम हो रही है। मैं सीमित ओवर की क्रिकेट और फ़्रैंचाइज़ी क्रिकेट के साथ जुड़े रहने में काफ़ी भाग्यशाली रहा हूं, लेकिन मेरा असली प्यार टेस्ट क्रिकेट ही है। अगर टेस्ट क्रिकेट को कोई देश फिर से आकर्षक और लोकप्रिय बना सकता है तो वह इंग्लैंड ही है। अगर आप चहरे पर मुस्कान लिए एक आकर्षक टेस्ट शैली खेल सकते हैं तो ऐसे में मुझे लगा कि अगर मुझे इस काम के क़ाबिल समझा गया है तो यह मेरे लिए सही है।

मैक्कुलम बेन स्टोक्स की कप्तानी को क़रीब से देखने के बारे में भी उत्साहित हैं। न्यूज़ीलैंड में जन्मे स्टोक्स और अपने हमवतन होने के बारे में मजाक करने के बाद वह बोले कि जिस प्रकार स्टोक्स अपना क्रिकेट खेलते हैं वह मेरे खेल और कोचिंग शैली से काफी मिलता है। वह स्वच्छंद रूप से विपक्ष पर दबाव डालते हैं। हालांकि लॉर्ड्स टेस्ट का पहला दिन काफी रोचक होगा। लेकिन मजा भी आने वाला है।

## टॉटेनहेम की आर्सेनल पर जीत में केन बने हीरो, इंग्लैंड के कप्तान ने किए दो गोल, चैंपियंस लीग के लिए दावेदारी मजबूत

**मुम्बई।** इंग्लैंड के कप्तान और स्टार स्ट्राइकर हैरी केन के दो गोल की बदौलत टॉटेनहेम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में आर्सेनल को 3-0 से हराकर चैंपियंस लीग के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत कर लिया है। इस जीत के साथ पांचवें स्थान पर मौजूद टॉटेनहेम अंक तालिका में आर्सेनल से सिर्फ एक अंक पीछे रह गया है। बावजूद इसके उसके चौथे स्थान पर आने और चैंपियंस लीग के लिए क्वालिफाई करने की संभावनाएं आर्सेनल से ज्यादा मजबूत हैं।

टॉटेनहेम को अपने अंतिम दो मैच अंक तालिका में सबसे निचली पायदान पर चल रहे बर्नली और नॉरविच से खेलना है, जबकि आर्सेनल को न्यू कैसल और मजबूत एवर्टन के साथ खेलना है।

**पहले हॉफ में दोनों गोल किए केन ने**

हैरी केन 22वें मिनट में ही पेनाल्टी के जरिए गोल कर स्पर्स




को एक गोल की बढ़त दिला दी। आर्सेनल को बड़ा झटका उस वक्त लगा जब उनके सेंटर बैक रॉब होल्डिंग को रेफरी ने स्ट्राइकर हान वॉन सोन को कोहनी मारने पर लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। इसका फायदा स्पर्स ने तुरंत उठाया और 37वें मिनट में केन ने एक और गोल कर बढ़त 2-0 कर दी।

दूसरे हॉफ की शुरुआत में ही कोरियाई स्ट्राइकर सोन ने एक और गोल कर आर्सेनल की वापसी की उम्मीदों को खत्म कर दिया। सोन इस गोल के साथ लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले लिवरपूल के मोहम्मद सालेह से एक गोल पीछे हैं। हालांकि 72वें मिनट में जब उन्हें मैदान से बाहर बुलाया गया तो वह खुश नहीं थे। वह अब तक इस सत्र में 21 गोल कर चुके हैं।


टॉटेनहेम के मैनेजर एंटोनियो कोंटे ने कहा- जब आप को हर हाल में जीतना हो तो इस तरह के मैच आसान नहीं होते हैं। हम जानते थे कि आज की रात सिर्फ एक परिणाम आना है। यही कारण है कि हम पूरी तरह एकाग्रचित और शांत थे।

## कोहली को 'विराट' फॉर्म में लौटने के लिए करना होगा यह काम, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान वॉन ने दी खास सलाह

**मुम्बई।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पूर्व कप्तान विराट कोहली के लिए इस बार का आईपीएल निराशजनक रहा है। आरसीबी की तरफ से पहली बतौर खिलाड़ी खेल रहे विराट मौजूदा सीजन में सिर्फ एक अर्धशतक लगा पाए हैं जबकि तीन बार गोल्डन डक पर आउट हुए हैं। विराट की बल्लेबाजी क्रम में भी बदलाव किया गया, लेकिन इससे भी अधिक फायदा नहीं हुआ और वह रन बनाने में संघर्ष करते दिखे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने विराट की फॉर्म को लेकर चिंता जताई है और साथ ही उन्हें खास सलाह भी दी है। वॉन ने विराट को आजादी के साथ खेलने का सुझाव दिया है। उन्हें लगता है कि विराट अगर शुरुआत के ओवरों में टिककर बल्लेबाजी कर लेंगे तो वह अपनी टीम के लिए बड़े स्कोर कर सकते हैं। वॉन ने क्रिकबज से बातचीत में कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि फाफ डुप्लेसी विराटो को 10 साल पीछे ले जाएं, जब वह इतने बड़े खिलाड़ी नहीं थे, शादीशुदा नहीं थे और उनके पास बच्ची नहीं थी। वह मैदान पर जाकर गेंद को मारते थे और मौज करते थे। अपनी उम्र भूल जाइए, भूल जाइए कि आपने क्या किया है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने जोर देकर कहा कि विराट को अगर अच्छी शुरुआत मिल जाएगी तो वह खतरनाक साबित होंगे। उन्होंने कहा, विराट अगर 30-35 रन तक टिक जाएंगे तो वह बड़ा स्कोर बना सकते हैं। उन्हें शुरू के 0-10 रन के दौरान दिक्कत हो रही है। अगर वह थोड़ा युवा जोश के साथ खेलें और अपनी पारी को आगे बढ़ाएं तो, वह खतरनाक हो सकते हैं। विराट को मौजूदा सीजन की बात करें तो उन्होंने आईपीएल 2022 में 12 मैचों में 19.64 की औसत और 111.34 की स्ट्राइक रेट से 216 रन बनाए हैं। 33 वर्षीय विराट ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में 53 गेंद में 58 रन की पारी खेली थी, जो उनकी तरफ से इस सीजन का पहला अर्धशतक था।

## राष्ट्रपति अल्वी का प्रधान न्यायाधीश बंदियाल को पत्र, कहा- सत्ता परिवर्तन की साजिशों की जांच का करें नेतृत्व

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधान न्यायाधीश उमर अता बंदियाल को पत्र लिखकर उनसे पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अपदस्थ करने के लिए सत्ता परिवर्तन की कथित 'साजिश' की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित करने का अनुरोध किया है। खान को 10 अप्रैल को अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के बाद अपदस्थ कर दिया गया था। खान ने आरोप लगाया है कि यूक्रेन के मामले पर स्वतंत्र विदेश नीति अपनाने के फैसले के बाद अमेरिका ने उनकी सरकार गिराने की साजिश रची। जबकि अमेरिका ने इन आरोपों का खंडन किया है। राष्ट्रपति अल्वी ने कहा, इस संबंध में गठित न्यायिक आयोग का नेतृत्व बंदियाल ही करें। उन्होंने देश को सियासी व आर्थिक संकट से बचाने के लिए यह जरूरी बताया। अल्वी ने आयोग की महत्ता पर जोर देते हुए सचेत किया कि पाकिस्तान पर गंभीर राजनीतिक संकट मंडरा रहा है।



## ऑफिस में कर्मचारी को गंजा कहकर नौकरी से निकाला, ट्रिब्यूनल ने यौन उत्पीड़न माना

**लंदन।** ऑफिस मेंर किसी आदमी को गंजा कहना यौन उत्पीड़न के दायरे में आता है, इंग्लैंड में एक रोजगार ट्रिब्यूनल ने यह निष्कर्ष निकाला है। जस्टिस जोनाथन ब्रेन के नेतृत्व में तीन सदस्यीय ट्रिब्यूनल को यह निर्धारित करना था कि किसी इंसना में बालों की कमी का संदर्भ केवल अपमान है या यौन उत्पीड़न। यह फैसला टोनी फिन द्वारा वेस्ट यॉर्कशायर स्थित ब्रिटिश बंग कंपनी के खिलाफ अपनी अनुचित बर्खास्तगी और यौन भेदभाव के दावे से संबंधित है, जहां उन्होंने पिछले साल मई में नौकरी से निकाल दिए जाने से पहले 24 साल तक इलेक्ट्रीशियन के रूप में काम किया था।

**ट्रिब्यूनल गंजे शब्द को सेक्स से जुड़ा माना**

ट्रिब्यूनल ने कहा कि हमारे फैसले में एक तरफ 'गंजा' शब्द और दूसरी तरफ सेक्स की संरक्षित विशेषता के बीच संबंध है। ट्रिब्यूनल ने स्वीकार किया कि कंपनी ब्रिटिश बंग मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के वकील ने सही कहा कि महिलाएं और पुरुष गंजे हो सकते हैं। हालांकि, ट्रिब्यूनल के सभी तीन सदस्य सहमत थे कि महिलाओं की तुलना में पुरुषों में गंजापन अधिक होता है। हम इसे स्वाभाविक रूप से सेक्स से संबंधित पाते हैं।

## एक और संकटः मंदी की ओर बढ़ रहा है ब्रिटेन, ढाई लाख परिवार दरिद्र होने के कगार पर

**लंदन।** रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की ब्रिटेन को बहुत महंगी कीमत चुकानी पड़ रही है। देश की अर्थव्यवस्था स्टैगफ्लेशन (मुद्रास्फीतिजनित मंदी) के कगार पर है। यह अनुमान लगाया गया है कि इस साल ढाई लाख और परिवार दरिद्रता के शिकार हो जाएंगे। इस तरह देश में दरिद्र परिवारों की संख्या 12 लाख तक पहुंच जाएगी। ब्रिटेन के सबसे पुराने स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर इकॉनमिक एंड सोशल रिसर्च (एनआईईएसआर) ने मांग की है कि दरिद्रता के कगार पर पहुंचे परिवारों की मदद के लिए सरकार तुरंत राहत पैकेज की घोषणा करे।

एनआईईएसआर ने ही इस हफ्ते यह अनुमान लगाया कि ब्रिटिश अर्थव्यवस्था स्टैगफ्लेशन का शिकार होने जा रही है। स्टैगफ्लेशन उस अवस्था को कहते हैं, जब मुद्रास्फीति की दर जीडीपी वृद्धि दर से दो तिमाही तक ऊंची बनी रहती है। ब्रिटिश मीडिया में छपी रिपोर्टों के मुताबिक ब्रिटेन के सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंग्लैंड भी ऐसी आशंका से चिंतित है। बल्कि बैंक से जुड़े अधिकारियों ने ये अंदेशा भी जताया है कि ब्रिटेन आने वाले महीनों में मंदी का शिकार हो सकता है।

**स्टैगफ्लेशन में फंसने के बाद उससे बाहर निकलना बड़ी चुनौती**

विश्लेषकों ने कहा है कि स्टैगफ्लेशन में फंस जाने के बाद किसी अर्थव्यवस्था के लिए उससे बाहर आना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। इस बीच ब्रिटेन में महंगाई, खासकर ईंधन के महंगा होने का आम जीवन पर खराब असर साफ नजर आने लगा है। एनआईईएसआर ने कहा है कि 2016 में ब्रेग्जिट जनमत संग्रह के बाद से ही सरकारों ने कल्याण योजनाओं पर खर्च घटाना शुरू कर दिया था। इससे गरीब तबकों की स्थिति बिगड़ी। अब यूक्रेन युद्ध के कारण बढ़ी महंगाई ने उनकी जिंदगी और मुहाल कर दी है।

# रूस-यूक्रेन जंग : यूक्रेन का दावा- इस साल के अंत तक जंग हार जाएगा रूस, पुतिन को हटाने के लिए तख्तापलट करने का काम जारी

**कीव/मास्को।** रूस-यूक्रेन जंग को 79 दिन बीत चुके हैं। यूक्रेनी शहरों पर रूसी हमले अभी भी जारी हैं। इस बीच यूक्रेन की खुफिया एजेंसी के चीफ ने दावा किया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन का तख्तापलट करने का काम जारी है और इस साल के अंत तक रूस जंग हार जाएगा। मेजर जनरल किरीलो बुडानोव ने कहा कि अगस्त में इस लड़ाई में एक टर्निंग पॉइंट आएगा।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुतिन को ब्लड कैंसर है। इसे लेकर मेजर जनरल किरीलो बुडानोव ने कहा- लड़ाई इस साल के अंत तक खत्म हो जाएगी। इसके बाद रूस में सत्ता परिवर्तन होगा। इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है

**रूस ने फिनलैंड के लिए बिजली सप्लाई रोकी**

फिनलैंड के ट्रांसमिशन सिस्टम ऑपरेटर फिंग्रिड ने शुक्रवार को बताया कि पेंमेट्स में समस्याओं की वजह से रूस ने फिनलैंड को बिजली की सप्लाई रोक दी है। रूसी बिजली कंपनी रॉ नॉर्डिक ने कहा कि उसे 6 मई के बाद से बिजली का भुगतान नहीं मिला है और ऐसा उसके 20 साल के व्यापारिक इतिहास में पहली बार हुआ है। हालांकि, फिनग्रिड के मुताबिक, फिनलैंड में



बिजली की कमी नहीं है। हालिया सालों में हुआ रूसी इंपोर्ट फिनलैंड की कुल खपत का 10त्न कवर ही करता है। रूस से बिजली के इंपोर्ट की कमी की भरपाई के लिए फिनलैंड स्वीडन से अधिक बिजली आयात करेगा।

**यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर बोले- यूक्रेन युद्ध के और लंबे चरण में प्रवेश कर रहा है**

यूक्रेन के डिफेंस मिनिस्टर ओलेक्सी रेजनिकोव ने शुक्रवार को कहा कि यूक्रेन अब युद्ध के और लंबे चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ने रूस को अपने टारगेट्स पर हमला करने से रोका है और मिलिट्री ऑपरेशन को कम करने के लिए मजबूर किया है।

रेजनिकोव ने कहा- हमें जंग जीतने के लिए सावधानी से योजना बनानी चाहिए, गलतियों से बचना चाहिए, अपनी ताकत को प्रोजेक्ट करना चाहिए, ताकि दुश्मन अंत में हमारे सामने खड़ा न हो सके।

**अमेरिकी डिफेंस सेक्रेटरी और रूसी डिफेंस मिनिस्टर ने पहली बार बात की**

अमेरिकी डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन ने जंग शुरू होने के बाद पहली बार रूसी डिफेंस मिनिस्टर सर्गेई शोइगु से बात की। हुई बातचीत के दौरान ऑस्टिन ने यूक्रेन में तत्काल सीजफायर का आग्रह किया। साथ ही पेंटागन के साथ कम्युनिकेशन चैनल बरकरार रखने पर जोर दिया। इससे पहले दोनों की बात 18 फरवरी को हुई थी।

## अपराधियों को सत्ता के शीर्ष पर बैठाने से अच्छा होता परमाणु बम गिरा देते, इमरान का छलका दर्द

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने शहबाज शरीफ सरकार पर फिर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार में शीर्ष पदों पर अपराधियों को बैठाने से अच्छा होता कि परमाणु बम गिरा देते।

इमरान खान ने यह भी दावा किया कि उनके पास पाकिस्तान के सत्ता प्रतिष्ठानों के अब भी फोन आते हैं, लेकिन उन्होंने उनके नंबर ब्लॉक कर रखे हैं। देश में जब तक चुनाव की तारीखों का एलान नहीं होगा तब तक वह उनसे बात नहीं करेंगे। पिछले माह अविश्वास प्रस्ताव के जरिए सत्ता से बेदखल किए गए इमरान खान ने पाकिस्तानी जनता से आह्वान किया कि वह संघीय राजधानी की ओर ऐतिहासिक मार्च के लिए तैयार रहे। जब जनता सड़कों पर उतरेगी तो कई विकल्प खुलेंगे।

पत्रकारों से चर्चा में पूर्व पाक पीएम ने यह बातें कहीं। डॉन में छपी रिपोर्ट के अनुसार इमरान



खान ने कहा कि स्टैबिल्शमेंट की तरफ से संदेशे आ रहे हैं, लेकिन वे आम चुनाव की घोषणा होने तक किसी से बात नहीं करेंगे।

**अमेरिका पर लगाया साजिश रचने का आरोप**

जियो न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार इमरान ने कहा कि अमेरिका ने उनकी सरकार गिराने के लिए विपक्षी नेताओं के साथ साजिश रची। इस साजिश का समर्थन करने वालों से इमरान ने कहा कि उन्हें पाकिस्तान के भविष्य की चिंता नहीं है। ऐस अपराधियों के सत्ता में आने से बेहतर होता कि पाकिस्तान पर एक परमाणु बम गिरा देते।

पाकिस्तान तहरीके इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान ने कहा कि उन्हें पिछले साल जून में इस साजिश की भनक लग गई थी, लेकिन दुर्भाग्य से उनकी सरकार को कमजोर करने वाले सारे फैसले किए गए और सरकार चली गई।

**दो मुद्दों पर सेना से था मतभेद**

खान ने कहा कि उनके पाक स्टैब्लिशमेंट (पाक सेना) से अपनी सरकार के अंतिम दिन तक अच्छे रिश्ते थे, सिवाय दो मुद्दों को, जिन पर वह आंख से आंख नहीं मिलाते थे। शक्तिशाली धड़ा चाहता था कि पंजाब के सीएम पद से उस्मान बुजदार को हटाया जाए, लेकिन वह कहना चाहेंगे कि पंजाब से ज्यादा सिंध में भ्रष्टाचार था। पाक सेना के साथ बुजदार के अलावा दूसरी बात पर असहमति देश के गुप्तचर प्रमुख ले. जन. फैज हामिद को लेकर थी। पूर्व पीएम ने कहा कि वह सोच भी नहीं सकते थे कि भ्रष्टाचार 'शक्तिशाली तबकों' के लिए कोई मुद्दा नहीं था और वे इन अपराधियों को देश पर थोप देंगे, लेकिन दुर्भाग्य से, ऐसा हुआ।

## पीएम जेसिका आर्डर्न और उनका परिवार कोरोना संक्रमित, देश में 7441 नए संक्रमित मिले



**वेलिगंटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिका आर्डर्न, उनके पति व बेटी समेत पूरा परिवार कोरोना संक्रमित हो गया है। देश में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पीएम अर्डर्न अपने परिवार समेत आइसोलेट हैं। प्रधानमंत्री आर्डर्न ने शनिवार को खुद के कोविड संक्रमित होने की जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार आर्डर्न ने आज सुबह सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, पूरे प्रयासों के बावजूद दुर्भाग्य से मैं अपने परिवार के बाकी सदस्यों के साथ कोरोना संक्रमित हो गई हूं।

वह गत रविवार से अपने परिवार के साथ घर पर ही आइसोलेट हैं। रविवार को उनके पति क्लार्क गेफोर्ड पॉजिटिव पाए गए थे। इसके बाद बुधवार को आर्डर्न की बेटी संक्रमित हो गई थीं। न्यूजीलैंड में 7441 नए कोरोना संक्रमित मिले हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 2503 देश के सबसे बड़े शहर आकलैंड में मिले। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि न्यूजीलैंड में महामारी शुरू होने के बाद से अब तक 1,026,715 लोग संक्रमित हो चुके हैं।

## चीन के विरोध में सड़कों पर उतरे मथबरिया के लोग, बनाया मानव श्रृंखला, मुकदमा वापसी की मांग

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश के पिरोजपुर जिले के मथबरिया में एक बांध के निर्माण में बाधा डालने के लिए स्थानीय निवासियों पर हुए चीनी लोगों के हमले के बाद उन पर लगे झूठे आरोपों से लोग सड़कों पर उतर आए। आरोप वापसी की मांग को लेकर लोगों ने मानव शृंखला बनाई व चीन का विरोध जताया। बांग्लादेश के स्थानीय लोगों ने इन्हीं आरोपों को वापस लेने के लिए शांतिपूर्ण रैली निकाली और प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने हमलावरों को 'आक्रामक चीनी व्यापार दिमाग वाले लोग' बताया। मानव शृंखला में मौजूद लोगों ने कहा कि शेख हसीना के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है लेकिन कुछ चीनी लोग देश में काफी दिक्कतें पैदा कर रहे हैं। रैली कर रहे लोगों ने कहा कि अगर ये आरोप वापस नहीं लिए गए तो भविष्य में विरोध को और तेज किया जाएगा। उन्होंने चीनी दूतावास को चेताया कि




वह अपने इंजीनियरों, नागरिकों और श्रमिकों को समझाए ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

**चीनियों को काम से रोका था**

एक मई को क्षेत्र में एक निर्माण परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का वहां के निवासियों ने विरोध करते हुए काम से रोका था। इसके बाद वहां काम कर रहे कुछ चीनी कर्मियों की स्थानीय लोगों से झड़प हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया, जिसे वह फर्जी बता रहे हैं।

## काबुल की मस्जिद में विस्फोट, 7 लोगों की मौत



**काबुलः** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में स्थित एक मस्जिद में हुए धमाके में सात लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अफगान स्वास्थ्य मंत्रालय के एक सूत्र ने स्पूतनिक को इसकी जानकारी दी।

स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, इसी दिन काबुल में जुम्मे की नमाज के दौरान एक और मस्जिद में हुए विस्फोट में कम से कम तीन नमाजी घायल हुए थे। क्षेत्र में सक्रिय किसी भी चरमपंथी समूह ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## महिंदा राजपक्षे की गिरफ्तारी की मांग तेज, कोर्ट पहुंचा मामला

**कोलंबो।** श्रीलंका में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के दौरान भड़की हिंसा का मामला अदालत पहुंच गया है। एक वकील की ओर से कोलंबो कोर्ट में याचिका दायर कर पूर्व प्रधानमंत्री समेत अन्य सात लोगों की गिरफ्तारी की मांग

आर्थिक संकट के चलते राजनीतिक उथल-पुथल हो चुकी है। इसके चलते महिंदा राजपक्षे को अपने प्रधानमंत्री पद से



इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद भी श्रीलंका में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है।

**देश छोड़कर नहीं जा सकते राजपक्षे**

इससे पहले श्रीलंका की एक कोर्ट ने महिंदा राजपक्षे और उनकी पार्टी के 12 अन्य नेताओं के देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं सरकार की विफलता को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन के बीच महिंदा को सुरक्षा मुहैया करायी गई है। विपक्षी दल भी उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) नेता महिंदा 2005 से 2015 तक देश के राष्ट्रपति थे और उस दौरान उन्होंने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के खिलाफ क्रूर सैन्य अभियान चलाया था।

**रानिल विक्रमसिंघे बने प्रधानमंत्री**

अपने इतिहास के सबसे खराब आर्थिक दौर का सामना कर रहे श्रीलंका के पूर्व प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को गुरुवार को देश का अगला प्रधानमंत्री नियुक्त कर दिया गया है। रानिल विक्रमसिंघे के पास 225 सदस्यीय संसद में केवल एक सीट है। यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) के 73 वर्षीय नेता विक्रमसिंघे ने बुधवार को राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से बात की थी। श्रीलंका के चार बार प्रधानमंत्री रह चुके विक्रमसिंघे को अक्तूबर 2018 में तत्कालीन राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना ने प्रधानमंत्री पद से हटा दिया था। हालांकि, दो महीने बाद ही सिरीसेना ने उन्हें इस पद पर बहाल कर दिया था।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित।

Title UPHIN 29506

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

## कोरोना से सहमे किम जोंग : उत्तर कोरिया में हाहाकार, सैन्य शासक ने कहा- इतिहास की सबसे बड़ी चुनौती झेल रहा देश

**प्योंगयांग।** कोरोना ने अब उत्तर कोरिया में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। देश में 17 हजार से ज्यादा नए संक्रमित मिले हैं और 21 और मौतें हुई हैं। हालात को देखते हुए सैन्य शासक किम जोंग उन भी सहम गए हैं।

उत्तर कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएन के अनुसार किम जोंग उन ने कहा है कि देश अपनी स्थापना के बाद अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। न्यूज एजेंसी ने केसीएन के हवाल से कहा कि किम ने देश में कोरोना वायरस रोधी इंतजाम करने व संक्रमण और फैलने से रोकने के निर्देश दिए हैं।

देश में 17,400 नए कोविड केस मिले हैं। इसके साथ ही कुल संक्रमितों की संख्या 5,20,000 तक पहुंच गई है। उत्तर कोरिया ने पहली मौत के बाद कुल छह मौतों की पुष्टि की थी, अब 21 और मौतों की सूचना है।

न्यूज एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया में कोरोना का पहला केस मिलने के बाद राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था। अब देश में कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट कहर ढा रहा है। उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग ने आपात बैठक कर हालात की समीक्षा की और आपातकाल का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए।



**पहले बुखार बताया गया**

उत्तर कोरिया ने कोरोना को पहले अज्ञात बुखार बताया था। सरकारी मीडिया ने कहा था कि उत्तर कोरिया में कोविड-19 के कारण 'बुखार' से लाखों लोगों में बुखार के लक्षण पाए गए हैं। हजारों लोगों को एकांतवास में रखकर उनका इलाज किया जा रहा है।

**कोरोना मुक्त रहने का दावा फेल**

उत्तर कोरिया में कोरोना के कहर के साथ ही कोरोना मुक्त देश का दावा फेल हो गया है। करीब दो साल से देश में सबसे कठोर एंटीवायरस सिस्टम लागू है, लेकिन ओमिक्रॉन वैरिएंट ने सेंधमारी कर दी। किम जोंग ने प्रतिज्ञा की है कि वह देश को इस अप्रत्याशित संकट से उबार लेंगे। उन्होंने संक्रमण को फैलने से रोकने के हर संभव उपाय का निर्देश दिया है। उधर, चीन में भी कोरोना से बुरा हाल है। बीजिंग व शंघाई जैसे शहरों के बड़े हिस्सों में कोरोना पाबंदियां लागू हैं।

## इमरान की सियालकोट रैली पर चला बुलडोजर, पुलिस ने मंच तोड़ किया लाठी चार्ज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उन्हें हटाकर प्रधानमंत्री बने शहबाज शरीफ के बीच घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को सियालकोट में इमरान खान की प्रस्तावित रैली से पहले पुलिस ने रैली पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस ने मंच तोड़ दिया और जमकर लाठी चार्ज किया। इमरान खान ने अपनी पार्टी के कार्यकताओं से हर हाल में सियालकोट पहुंचने को कहा है। इससे संघर्ष के आसार बन रहे हैं। शनिवार को सियालकोट में होने वाली इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इस्लाम (पीटीआई) की रैली के पूर्व पुलिस ने कार्यकताओं पर लाठीचार्ज व आंसू गैस छोड़कर उन्हें खदेड़ दिया। पीटीआई ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। इमरान की पार्टी के नेता उस्मान डार समेत कई को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने रैली के लिए बनाए गए मंच आदि को भी तोड़ दिया। रैली पर बुलडोजर चला गया, जिससे पीटीआई के कई कार्यकर्ता घायल भी हो गए हैं। उधर, इमरान खान ने शहबाज शरीफ पर हमलावर रुख अपनाते हुए कहा है कि सरकार में शीर्ष पदों पर अपराधियों को बैठाने से अच्छा होता कि पाकिस्तान पर परमाणु बम गिरा देते। इमरान खान ने पाकिस्तानी जनता से आह्वान किया कि वह संघीय राजधानी की ओर ऐतिहासिक मार्च के लिए तैयार रहें।